आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा, शामली, अमरोहा, मेरठ, लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 180 | हापुड़, गुरुवार 16 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

# प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति में तीन बड़े युद्धपोत नौसेना में हुए शामिल

मुंबई । भारतीय नौसेना के युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरि और आईएनएस वाघशीर को यहां नौसेना की गोदी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में बल में शामिल किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था कि तीन फ्रंटलाइन नौसैनिक युद्धपोतों के नौसेना में शामिल होने से रक्षा क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्वकर्ता बनने की भारत की कोशिशों को मजबूती मिलेगी तथा आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयास बढ़ेगा। नौसेना ने तीनों बड़े युद्धपोतों के शामिल होने को एक ऐतिहासिक अवसर करार दिया। आईएनएस नीलगिरि परियोजना 17ए





स्टील्थ फ्रिगेट श्रेणी का शीर्ष जहाज है जो शिवालिक श्रेणी के युद्धपोतों में महत्वपूर्ण उन्नयन को दर्शाता है। भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो द्वारा डिजाइन किए गए और मजगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में निर्मित आईएनएस नीलगिरि में उन्नत विशेषताएं हैं। यह आधुनिक विमानन सुविधाओं से परिपूर्ण है तथा एमएच-60 आर समेत विभिन्न प्रकार के हेलीकॉप्टर का परिचालन कर सकता है।

परियोजना 15 बी स्टील्थ विध्वंसक श्रेणी का चौथा और अंतिम युद्धपोत आईएनएस सूरत कोलकाता श्रेणी के विध्वंसक पोतों की अगली पीढ़ी का सदस्य है। इसके डिजाइन और क्षमता में सुधार किए गए हैं और यह नौसेना के सतह पर रहने वाले बेड़े का महत्वपूर्ण सदस्य है। इसे भी आईएनएस नीलगिरि की तरह वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है और एमडीएल में इसका विनिर्माण किया गया है। आईएनएस वाघशीर स्कॉर्पीन श्रेणी की परियोजना 75 के तहत छठा और अंतिम युद्धपोत है। यह बहुभूमिका वाला डीजल-विद्युत संचालित पोत है। तीनों युद्धपोतों का डिजाइन और निर्माण पूरी तरह भारत में हुआ है और इससे देश की रक्षा उत्पादन क्षेत्र में बढ़ती दक्षता रेखांकित होती है।

## सोनिया गांधी ने कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन का किया उद्घाटन

नई दिल्ली । कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सांसद राहुल गांधी और पार्टी के अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे। कांग्रेस के नए मुख्यालय का नया पता इंदिरा गांधी भवन 9ए, कोटला रोड होगा। यह दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय से करीब 500 मीटर दूर है। इस भवन का निर्माण सोनिया गांधी के पार्टी अध्यक्ष के कार्यकाल के दौरान शुरू हुआ था। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हम बहुत महत्वपूर्ण समय पर अपने नए मुख्यालय का उद्घाटन कर रहे हैं। यह इमारत कोई आम नहीं है। यह हमारे देश की मिट्टी से निकली है, करोड़ों लोगों की मेहनत और त्याग का परिणाम है। यह पार्टी हमेशा मूल्यों के एक विशेष समूह के लिए खड़ी रही है, और हम उन मूल्यों को इस इमारत में देख सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतिफल हमारा संविधान है, जिसकी कल मोहन भागवत ने परोक्ष रूप से आलोचना की जब उन्होंने कहा कि



संविधान हमारी स्वतंत्रता का प्रतीक नहीं है। मोहन भागवत हर दो-तीन दिन में देश को यह बताने का साहस करते हैं कि वे स्वतंत्रता आंदोलन और संविधान के बारे में क्या सोचते हैं। उन्होंने कल जो कहा वह देशद्रोह है क्योंकि वह बता रहे हैं कि संविधान अमान्य है, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अमान्य थी। उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह बात कहने का दुस्साहस किया है। उनका यह बयान हर एक भारतीय का अपमान है और अब समय आ गया है कि हम इस बकवास को सुनना बंद कर दें। वहीं कांग्रेस संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नए मुख्यालय इंदिरा भवन का उद्घाटन देश भर के प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए गर्व का क्षण है। यह इमारत ईंटों और गारे से बनी संरचना नहीं है, बल्कि उन लाखों कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सपनों, समर्पण और बलिदान का प्रमाण है, जिन्होंने इस महान पार्टी के माध्यम से देश की अथक सेवा की है। नए साल के आगमन के साथ हम इस कार्यालय में कदम रख रहे हैं। नए मुख्यालय को वर्तमान की जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों को पूरा करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि यह इमारत हमारे समृद्ध इतिहास और मूल्यों से जुड़े रहते हुए दूरदर्शी बने रहने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। याद रखने योग्य बात यह है कि इस भवन का निर्माण उस समय शुरू हुआ था जब श्रीमती सोनिया गांधी कांग्रेस अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थीं। आज इसका उद्घाटन पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सोनिया गांधी ने किया है। वहीं इस भवन निर्माण में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का अहम योगदान रहा है। इसके लिए हम उनका आभार जताते हैं।

## मायावती का कांग्रेस पर बड़ा आरोप, कहा- आरक्षण को खत्म करने में लगी है ये पार्टी

लखनऊ । बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांग्रेस पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आरक्षण को खत्म करना चाहती है।

मायावती बुधवार को 69 साल की हो गईं हैं। इस मौके पर उन्होंने लखनऊ के पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति के साथ पिछड़े लोगों को आरक्षण का पूरा लाभ नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर और अनुसूचित जाति, जनजाति के अन्य महापुरुषों का अपमान और अनादर किया है। कांग्रेस आरक्षण के अधिकार को भी समाप्त करना चाहती है। उनके नेता ऐसी बातें कह भी चुके हैं। मायावती ने कहा कि अब कांग्रेस अनुसूचित जाति-जनजाति और बाबासाहेब की हितैषी होने का दिखावा कर रही है। राहुल गांधी का नाम लिए बिना उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता संविधान दिखाते हैं और नीले कपड़े पहनकर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा



वर्ग के मतदाताओं को लुभाना चाहते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भाजपा और समाजवादी पार्टी पर भी अलग-अलग हथकंडे अपनाकर मतदाताओं को बरगलाने का आरोप लगाया। उन्होंने अनुसूचित जाति, जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं से इन सभी दलों से सावधान रहने और बसपा को जीत दिलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अन्य दलों की राज्य सरकार मेरी सरकार द्वारा शुरू की गई कई योजनाओं की नकल कर रही हैं। मेरी सरकार ने मजदूरों, व्यापारियों, बेरोजगारों, महिलाओं, युवाओं और विकलांगों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं पेश की थी, जिनसे लोगों को काफी फायदा हुआ।

पार्टी के नेता राज्य में फिर से बसपा की सरकार बनाने के लिए काम कर रहे हैं। बसपा मुखिया मायावती ने कहा कि दिल्ली में यदि स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव हुआ और गड़बड़ी न हुई तो बसपा को जीत मिलने जा रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को दिल्ली के साथ बिहार चुनाव में भी जीत दिलाने के लिए जुटने की अपील की।

## दिल्ली में आप बहुत मजबूत, इसीलिए सपा उसे दे रही समर्थन - अखिलेश यादव

लखनऊ । समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) बहुत मजबूत स्थिति में है इसीलिए आगामी विधानसभा चुनावों में सपा उसे समर्थन दे रही है। अखिलेश यादव ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 'इंडिया' गठबंधन बरकरार है और गठबंधन बनते समय बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सपा सहित तमाम राजनीतिक दलों से बातचीत की थी जिसमें यही तय किया गया था कि जो क्षेत्रीय दल जहां मजबूत है उसे 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) गठबंधन और मजबूत करेगा। यादव ने कहा, दिल्ली में आम आदमी पार्टी बहुत ही मजबूत स्थिति



में है इसलिए समाजवादी पार्टी ने उनका समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कांग्रेस और आप, दोनों आमने-सामने हैं। सपा अध्यक्ष ने कहा, हमारा सुझाव यही है कि जो क्षेत्रीय दल भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला कर रहे हैं, हम इंडिया गठबंधन के सभी नेताओं को मिलकर उनकी मदद करनी चाहिए और उनके साथ खड़े होना चाहिए। यादव ने कहा कि उनका केवल एक ही मकसद है और वह है भाजपा को हराना। सपा प्रमुख अपने चाचा राजपाल यादव की अस्थियां विसर्जित करने और उनका पिंडदान करने के लिए अपने परिजनों के साथ यहां हरिद्वार पहुंचे थे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फिर से इंडिया गठबंधन में शामिल होने के सवाल पर उन्होंने कोई टिप्पणी नहीं की लेकिन उम्मीद जताई कि इंडिया गठबंधन बना रहेगा। दिल्ली में पांच फरवरी को विधानसभा चुनाव हो रहे हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव- केजरीवाल ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए निकाली 'पदयात्रा'

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा चुनावों के लिए नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बुधवार को पार्टी कार्यालय से पदयात्रा शुरू की। पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी सुनीता के साथ सुबह हनुमान मंदिर और वाल्मीकि मंदिर में पूजा-अर्चना की और फिर वह नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए नई दिल्ली जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय को रवाना हुए। केजरीवाल ने वाल्मीकि मंदिर में दर्शन करने के बाद कहा, ''मैंने और मेरे परिवार ने भगवान वाल्मीकि का आशीर्वाद लिया है। इसके बाद मैं हनुमान मंदिर जाकर बजरंगबली का आशीर्वाद लूंगा और



आज अपना नामांकन दाखिल करूंगा। मुझे उन लोगों के बारे में कुछ नहीं कहना है जो सोचते हैं कि वे एक जोड़ी जूते से दिल्लीवासियों को खरीद सकते हैं।'' खालिस्तानी समर्थक एक संगठन से अपनी जान को खतरा होने की खबरों पर आप नेता ने कहा कि ईश्वर उनके साथ है। उन्होंने प्राचीन हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पत्रकारों से कहा, ''जाको राखे साइयां मार सके न कोय। भगवान मेरे साथ हैं। जब तक व्यक्ति की जीवनरेखा है, तब तक वह जीवित रहता है। जिस दिन किसी की जीवनरेखा समाप्त हो जाती है, भगवान उसे बुला लेते हैं।'' वर्ष 2013 से नई दिल्ली विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे केजरीवाल का मुकाबला इस बार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के परवेश वर्मा और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित से है। दिल्ली में 70 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव के लिए पांच फरवरी को मतदान होना है और आठ फरवरी को यहां मतगणना होगी।

## कड़ाके की ठंड के बीच श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी

महाकुम्भ नगर । कड़ाके की ठंड के बावजूद जोश और उत्साह से लबरेज श्रद्धालुओं ने बुधवार को महाकुम्भ में त्रिवेणी संगम पर डुबकी लगाई। 'हर हर महादेव', 'जय श्री राम' और 'जय गंगा मैया' के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने संगम पर स्नान किया। उत्तर प्रदेश के बस्ती जिले के निवासी 62 वर्षीय निबर चौधरी ने कहा, ''मैंने पहली बार संगम में डुबकी लगाई है। डुबकी लगाने के बाद वास्तव में एक दम तरोताजा महसूस हुआ।''चौधरी के साथ आए शिवराम वर्मा ने कहा कि उनका अनुभव अच्छा रहा और यहां प्रशासन ने श्रद्धालुओं के लिए उचित व्यवस्था की है। पहली बार यहां आईं लखनऊ निवासी नैंसी भी यहां की व्यवस्था को देखकर संतुष्ट नजर आईं। उन्होंने कहा, ''महाकुंभ में अब तक मेरा अनुभव अच्छा रहा है।''पड़ोसी जिले फतेहपुर के निवासी अभिषेक ने कहा, ''कुल मिलाकर अनुभव अच्छा रहा''। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। कानपुर निवासी विजय कठेरिया ने महाकुंभ में किए गए सुरक्षा इंतजाम की सराहना की। उन्होंने कहा, '' श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं और सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था की गई है।''इससे पहले मंगलवार को विभिन्न अखाड़ों के संतों ने मकर संक्रांति के अवसर पर महाकुम्भ में पहला अमृत स्नान किया। मकर संक्रांति पर त्रिवेणी संगम में करीब 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। साधु-संतों ने पारंपरिक हथियारों के साथ प्रदर्शन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को मोहित कर दिया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि भालेबाजी और तलवारबाजी से लेकर पूरे जोश में 'डमरू' बजाने तक, उनके प्रदर्शन सदियों पुरानी परंपराओं का जीवंत उदाहरण थे। पुरुष नागा साधुओं के अलावा, महिला नागा संन्यासी भी बड़ी संख्या में मौजूद रहीं। महाकुम्भ मेला 26 फरवरी तक चलेगा।

## भागवत का 'सच्ची स्वतंत्रता' वाला बयान 'राजद्रोह' के समान है - राहुल

नई दिल्ली । लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत का यह बयान राजद्रोह के समान है कि भारत को सच्ची स्वतंत्रता राम मंदिर बनने के बाद मिली। राहुल ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के अवसर पर पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि भागवत ने जो कहा है वह हर भारतीय का अपमान है और किसी दूसरे देश में ऐसा होने पर तो भागवत अब तक गिरफ्तार किए जा चुके होते। भागवत ने सोमवार को कहा था कि अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तिथि 'प्रतिष्ठा द्वादशी' के रूप में मनाई जानी चाहिए क्योंकि अनेक सदियों से दुश्मन का आक्रमण झेलने वाले देश को सच्ची स्वतंत्रता इस दिन मिली थी। राहुल गांधी ने कहा, ''भागवत ने जो कहा है वह राजद्रोह के समान है क्योंकि उनके कहने का मतलब है कि संविधान अवैध है, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई अवैध हैज किसी दूसरे देश में तो अब तक उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता और उन पर मुकदमा चलाया जाता।'' उन्होंने कहा कि भागवत का यह बयान हर भारतीय का अपमान है। राहुल गांधी ने कहा कि अब समय आ गया है जब इस तरह की बकवास सुनना बंद होना चाहिए। उन्होंने कहा, ''दो विचारों के बीच लड़ाई है। एक हमारा विचार है जो संविधान का विचार है और दूसरी तरफ आरएसएस का विचार है जो इसके उलट है।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''देश में कोई दूसरा दल नहीं है जो भाजपा और आरएसएस के एजेंडे को रोक सके। सिर्फ कांग्रेस ही इन्हें रोक सकती है क्योंकि हम एक विचारधारा वाली पार्टी हैं।''

## संक्षिप्त समाचार

### धनखड़ ने सेना दिवस पर दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली । उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सेना दिवस पर सैनिकों और पूर्व सैनिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि राष्ट्र उनके साहस एवं निस्वार्थ सेवा के लिए हमेशा ऋणी रहेगा। श्री धनखड़ ने बुधवार को यहां जारी एक संदेश में कहा कि भारतीय सेना का साधारण साहस, दृढ़ संकल्प और निस्वार्थ सेवा राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता की नींव है। उन्होंने कहा, सेना दिवस पर भारतीय सेवा के जवानों और पूर्व सैनिकों को हार्दिक शुभकामनाएं। हमारे पूर्व सैनिक राष्ट्र की बहुत मूल्यवान संपदा है जो रक्षा सेनाओं का मनोबल बनाए रखते हैं और समाज के कल्याण में योगदान करते हैं। उनके योगदान का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। जय हिंद। श्री धनखड़ ने कहा कि भारत उनके असाधारण साहस और निस्वार्थ सेवा का आभारी रहेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी ने दोपहर के भोजन पर महायुति विधायकों से मुलाकात की

मुंबई । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के विधायकों से यहां दोपहर के भोजन पर मुलाकात की। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया कि यह बैठक आईएनएस आंग्रे सभागार में हुई। सूत्रों ने बताया कि बैठक में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अजित पवार तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा), शिवसेना और उनके अन्य सहयोगी दलों के सत्तारूढ़ गठबंधन के अधिकांश विधायक मौजूद थे। पिछले साल 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में महायुति गठबंधन ने 288 में से 230 सीट जीती थीं।

### जखोली के पास बस दुर्घटना में 7 लोग घायल

उत्तरकाशी । उत्तरकाशी के जखोली क्षेत्र में एक बस दुर्घटना में सात लोग घायल हो गए। यह घटना जखोल से लगभग 2 किलोमीटर आगे सुनकुंडी गांव के पास हुई। जानकारी के अनुसार, बस सड़क के बाहरी किनारे पर पलट गई। बस में कुल 30 लोग सवार थे, जिनमें से सात लोग सामान्य रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी लाया गया। दुर्घटना में बस में सवार अन्य सभी लोग सुरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने दुर्घटना के बाद बस में सवार जखोल गांव के सुरेंद्र सिंह और अन्य लोगों से फोन पर बात की और स्थिति का जायजा लिया। घायलों को जल्द ही पूरी चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है। इससे पहले 25 दिसंबर को उत्तराखंड के अल्मोड़ा से हल्द्वानी जा रही रोडवेज बस भीमताल-रानीबाग मोटर मार्ग पर आमडाली के पास 1500 फीट गहरी खाई में गिर गई थी। इस बस हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 24 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल बताए गए थे। भीमताल में हुए दर्दनाक बस हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया था। दुर्घटना के बाद एनडीआरएफ (नेशनल डिजास्टर रिस्पांस फोर्स) और एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल) की टीम ने कई लोगों को बचाया था। भीमताल में हुए बस हादसे के बाद प्रशासनिक अमला पूरी तरह से अलर्ट हो गया था। बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए 15 एंबुलेंस भेजे गए थे, ताकि घायलों को उपचार मिल सके। सीएम धामी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा था, भीमताल के निकट बस के दुर्घटनाग्रस्त होने का समाचार अत्यंत दुःखद है। स्थानीय प्रशासन को त्वरित राहत एवं बचाव कार्य के लिए निर्देशित किया है। बाबा केदार से सभी यात्रियों के सकुशल होने की कामना करता हूं।

### खरगे-प्रियंका ने सेना दिवस पर दी बहादुर सैनिकों को बधाई

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने सेना दिवस पर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के लोगों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि विपरीत परिस्थितियों में सीमाओं पर तैनात बहादुर सैनिक हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का आधार हैं। श्री खरगे ने कहा, हम भारतीय सेना दिवस के अवसर पर वीर सैनिकों, दिग्गजों, भूतपूर्व सैनिकों और उनके परिवार के लोगों के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता और श्रद्धा व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा, भारतीय सेना भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा की आधारशिला है, जो कठिन और चुनौतीपूर्ण इलाकों में हमारी सीमाओं की रक्षा करती है। बाहरी सुरक्षा बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका से परे, सेना आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों और प्राकृतिक आपदाओं के दौरान अमूल्य सहायता प्रदान करके लगातार अटूट प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करती है। हम अपनी सेना द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस, अनुकरणीय व्यावसायिकता और निस्वार्थ बलिदान की भावना के लिए हमेशा ऋणी हैं, जो हमारे राष्ट्र के लिए एक अटूट ढाल के रूप में कार्य करती है। श्रीमती वाड्रा ने कहा, सेना दिवस के अवसर पर फौज के सभी भाइयों, सैन्य अधिकारियों, पूर्व सैन्य कर्मियों एवं उनके परिवारों को मेरी शुभकामनाएं। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य पथ पर डटे रहते हुए सेवा, समर्पण, साहस और बलिदान की आपकी अनुकरणीय गाथा देशवासियों को सदैव प्रेरणा देती रहेगी। देश हमेशा आपका ऋणी रहेगा।

### सेना दिवस पर सेना के अटूट साहस को सलाम - मोदी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सेना दिवस पर भारतीय सेना को दृढ़ संकल्प, व्यावसायिकता और समर्पण का प्रतीक बताते हुए उसके अटूट साहस को सलाम किया है। श्री मोदी ने मेंकहा, आज सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के अटूट साहस को सलाम करते हैं, जो हमारे देश की सुरक्षा के प्रहरी के रूप में खड़ी है। हम उन बहादुरों के बलिदान को भी याद करते हैं, जो हर दिन करोड़ों भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा, भारतीय सेना दृढ़ संकल्प, व्यावसायिकता और समर्पण की प्रतीक है। हमारी सीमाओं की सुरक्षा के अलावा, हमारी सेना ने प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मानवीय सहायता प्रदान करने में भी अपनी छाप छोड़ी है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा, हमारी सरकार सशस्त्र बलों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले कुछ वर्षों में हमने कई सुधार किए हैं और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। यह आने वाले समय में भी जारी रहेगा।

### चार किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

नई दिल्ली । पश्चिम जिला पुलिस की एंटी-नारकोटिक्स स्क्वॉड ने दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपित अनिल कुमार और रंजन कुमार के पास से पुलिस ने 4 किलो से अधिक गांजा और एक बाइक बरामद की है। फिलहाल दोनों आरोपितों के खिलाफ संबंधित धारा में केस दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। पश्चिमी जिले के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि इंस्पेक्टर राजेश मौर्य की टीम को तिलक नगर के नाला रोड पर गांजा सप्लाई के लिए दो तस्करों के आने की खबर मिली। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने जाल बिछाकर दोनों तस्करों गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर दोनों के पास से एक काले रंग की पॉलीथिन में चार किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ।

## संपादकीय

# मन को साफ करता है अध्यात्म

धुमेनाव्रियते वह्निर्यथादर्शो मलेन च।
यथोल्बेनावृतो गर्भस्तथा तेनेदमावृतम्।।

आचार्य सुरक्षित गोस्वामी: आत्मा पहले से ही आजाद, शांत, ज्ञानस्वरूप और प्रेमस्वरूप है, इसमें हम न तो बाहर से प्रेम डाल सकते हैं, न इसमें ज्ञान भर सकते हैं और न ही इसको मुक्त कर सकते हैं। गुरु से मिला ज्ञान केवल आत्मा के ऊपर आए अज्ञान को हटाने के लिए होता है, क्योंकि हम जिंदगीभर अपने मन को मैं-मेरा से पैदा हुए काम, क्रोध, लोभ, मोह जैसे विकारों से भर देते हैं। हमारा मन काम के फलों से गंदा हो जाता है, इसलिए आत्मा का प्रकाश और उसकी दिव्यता इसी मन के माध्यम से बाहर की ओर की बहती है। ऐसे में अगर मन रूपी रास्ता ही मैला होगा तो आत्मा का ज्ञान किस तरह बाहर की ओर आएगा। अध्यात्म इसी गंदे मन की सफाई की प्रक्रिया है। यह मन सबसे ज्यादा हमारी कामनाओं की वजह से गंदा होता है, क्योंकि जब तक इच्छाओं का अंत नहीं होता, इस तरह से मन गंदा होकर आत्मा के ज्ञान को ढकता रहेगा। यह कुछ ऐसा ही है जैसे धुआं आग को और धूल आइने को ढक देती है। इसलिए हमारी कोशिश इच्छाओं को काबू में कर मन को साफ करने की होनी चाहिए। जैसे-जैसे मन साफ होगा आत्मा के ज्ञान का अनुभव होने लगेगा। जैसे आग धुएं से, आइना धूल से और गर्भ गर्भाशय से ढका रहता है, वैसे ही ज्ञान काम वासनाओं से ढका रहता है।

# सेना दिवस - सनी देओल ने जवानों के साथ बिताया समय, साहस, बलिदान को 'तारा सिंह' ने किया सलाम


अभिनेता सैनिकों के साथ तस्वीरें

मुंबई । सेना दिवस के अवसर पर बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल ने बुधवार को देश के जवानों के साथ समय बिताया। अभिनेता ने देश के असली नायकों के साहस, बलिदान और अटूट समर्पण को भी सलाम किया। सोशल मीडिया पर सक्रिय अभिनेता सनी देओल ने इंस्टाग्राम पर कई वीडियो और तस्वीरें शेयर कीं। एक वीडियो में अभिनेता और सैनिक भारत माता की जय कहते हुए नजर आए। अन्य तस्वीरों में बॉलीवुड अभिनेता सैनिकों के साथ तस्वीरें खिंचवाते और उनके साथ पंजा लड़ाते भी दिखाई दिए। पोस्ट को साझा करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा, तब, अब और हमेशा हमारे नायकों के साहस, बलिदान और अटूट समर्पण को सलाम। भारतीय सेना दिवस की शुभकामनाएं! हिंदुस्तान जिंदाबाद, सेना दिवस। अभिनेता ने प्रशंसकों को लोहड़ी और मकर संक्रांति की शुभकामना देते हुए अपनी एक तस्वीर साझा की थी, जिसमें वह अलाव के पास बैठे नजर आए थे। भारत में सेना दिवस हर साल 15 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिन लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा के सम्मान में मनाया जाता है। उन्होंने 15 जनवरी 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ का पदभार संभाला था। सनी देओल के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेता के पास कई फिल्में हैं। देओल के पास गोपीचंद मलिनेनी निर्देशित 'जाट' है, जिसका टीजर आउट हो चुका है। देओल जल्द ही 'बॉर्डर 2' में नजर आएंगे, जिसमें उनके साथ अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ, वरुण धवन और अहान शेट्टी भी अहम भूमिका में हैं। फिल्म निर्माताओं ने 'बॉर्डर 2' का टीजर हाल ही में जारी किया था। अनुराग सिंह के निर्देशन में तैयार 'बॉर्डर 2' लोंगेवाला की लड़ाई (1971) पर आधारित एक वॉर-ड्रामा है। 'बॉर्डर 2' का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता की प्रोडक्शन टीम ने किया है। फिल्म 'बॉर्डर 2' 26 जनवरी 2026 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# तेनालीराम की कहानी- तेनालीराम और चोटी का किस्सा

एक दिन बातों-बातों में राजा कृष्णदेव राय ने तेनालीराम से पूछा, अच्छा, यह बताओ कि किस प्रकार के लोग सबसे अधिक मूर्ख होते हैं और किस प्रकार के सबसे अधिक सयाने? तेनालीराम ने तुरंत उत्तर दिया, महाराज! ब्राह्मण सबसे अधिक मूर्ख और व्यापारी सबसे अधिक सयाने होते हैं। ऐसा कैसे हो सकता है? राजा ने कहा। मैं यह बात साबित कर सकता हूं, तेनालीराम ने कहा। कैसे? राजा ने पूछा। अभी जान जाएंगे आप, जरा राजगुरु को बुलवाइए। राजगुरु को बुलवाया गया। तेनालीराम ने कहा, महाराज, अब मैं अपनी बात साबित करूंगा, लेकिन इस काम में आप दखल नहीं देंगे। आप यह वचन दें, तभी मैं काम आरंभ करूंगा। राजा ने तेनालीराम की बात मान ली। तेनालीराम ने आदरपूर्वक राजगुरु से कहा, राजगुरुजी, महाराज को आपकी चोटी की आवश्यकता है। इसके बदले आपको मुंहमांगा इनाम दिया जाएगा। राजगुरु को काटो तो खून नहीं। वर्षों से पाली गई प्यारी चोटी को कैसे कटवा दें? लेकिन राजा की आज्ञा कैसे टाली जा सकती थी। उसने कहा, तेनालीरामजी, मैं इसे कैसे दे सकता हूं। राजगुरुजी, आपने जीवनभर महाराज का नमक खाया है। चोटी कोई ऐसी वस्तु तो है नहीं, जो फिर न आ सके। फिर महाराज मुंहमांगा इनाम भी दे रहे हैं...। राजगुरु मन ही मन समझ गया कि यह तेनालीराम की चाल है। तेनालीराम ने पूछा, राजगुरुजी, आपको चोटी के बदले क्या इनाम चाहिए? राजगुरु ने कहा, पांच स्वर्ण मुद्राएं बहुत होंगी। पांच स्वर्ण मुद्राएं राजगुरु को दे दी गईं और नाई को बुलावाकर राजगुरु की चोटी कटवा दी गई। अब तेनालीराम ने नगर के सबसे प्रसिद्ध व्यापारी को बुलवाया। तेनालीराम ने व्यापारी से कहा, महाराज को तुम्हारी चोटी की आवश्यकता है। सब कुछ महाराज का ही तो है, जब चाहें ले लें, लेकिन बस इतना ध्यान रखें कि मैं एक गरीब आदमी हूं, व्यापारी ने कहा। तुम्हें तुम्हारी चोटी का मुंहमांगा दाम दिया जाएगा, तेनालीराम ने कहा। सब आपकी कृपा है लेकिन..., व्यापारी ने कहा। क्या कहना चाहते हो तुम, तेनालीराम ने पूछा। जी बात यह है कि जब मैंने अपनी बेटी का विवाह किया था, तो अपनी चोटी की लाज रखने के लिए पूरी पांच हजार स्वर्ण मुद्राएं खर्च की थीं। पिछले साल मेरे पिता की मौत हुई, तब भी इसी कारण पांच हजार स्वर्ण मुद्राओं का खर्च हुआ और अपनी इसी प्यारी-दुलारी चोटी के कारण बाजार से कम से कम पांच हजार स्वर्ण मुद्राओं का उधार मिल जाता है, अपनी चोटी पर हाथ फेरते हुए व्यापारी ने कहा। इस तरह तुम्हारी चोटी का मूल्य पंद्रह हजार स्वर्ण मुद्राएं हुआ। ठीक है, यह मूल्य तुम्हें दे दिया जाएगा। पंद्रह हजार स्वर्ण मुद्राएं व्यापारी को दे दी गईं। व्यापारी चोटी मुंड़वाने बैठा। जैसे ही नाई ने चोटी पर उस्तरा रखा, व्यापारी कड़ककर बोला, संभलकर, नाई के बच्चे। जानता नहीं, यह महाराज कृष्णदेव राय की चोटी है। राजा ने सुना तो आग-बबूला हो गया। इस व्यापारी की यह मजाल कि हमारा अपमान करे? उन्होंने कहा, धक्के मारकर निकाल दो इस सिरफिरे को। व्यापारी पंद्रह हजार स्वर्ण मुद्राओं की थैली को लेकर वहां से भाग निकला। कुछ देर बाद तेनालीराम ने कहा, आपने देखा महाराज, राजगुरु ने तो पांच स्वर्ण मुद्राएं लेकर अपनी चोटी मुंड़वा ली। व्यापारी पंद्रह हजार स्वर्ण मुद्राएं भी ले गया और चोटी भी बचा ली। आप ही कहिए, ब्राह्मण सयाना हुआ कि व्यापारी? राजा ने कहा, सचमुच तुम्हारी बात ठीक निकली।

# कभी चिता के पास खड़े तो कभी जेल में कैद दिलजीत, बताया कब जारी होगा पंजाब 95 का टीजर



मुंबई । अभिनेता-गायक दिलजीत दोसांझ ने हाल ही में अपनी आगामी फिल्म 'पंजाब 95' का फर्स्ट लुक साझा किया था। अब अभिनेता ने फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरों को साझा करते हुए बताया कि फिल्म का टीजर कब जारी होगा। अपनी आगामी पंजाब 95 को लेकर उत्साहित अभिनेता फिल्म से जुड़ा हर अपडेट प्रशंसकों संग सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। उन्होंने एक बार फिर इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, पंजाब 95 का टीजर 17 जनवरी को आ रहा है। साझा की गई चार तस्वीरों में से पहली में दोसांझ जेल में कैद घायलावस्था में नजर आए। दूसरी तस्वीर में उनके हाथ में अखबार है और वह विचार करते दिखाई दिए। तीसरी तस्वीर में दोसांझ जलती चिता के पास खड़े हैं, जहां आग की ऊंची लपटें उठ रही हैं। चौथी और अंतिम तस्वीर में दोसांझ हाथ में पकड़े पन्नों को पढ़ते नजर आए। दिलजीत ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर 'पंजाब 95' से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की थीं और प्रशंसकों को फिल्म से अपना फर्स्ट लुक दिखाया था। मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित फिल्म के सेट से ली गई तस्वीरों को साझा करते हुए दोसांझ ने कैप्शन में लिखा था, मैं अंधेरे को चुनौती देता हूं। पंजाब 95। साझा की गई तीन तस्वीरों में से पहली में घायल दिलजीत दोसांझ एक साधारण कुर्ता और पगड़ी पहने, छोटे से कमरे की कच्ची फर्श पर बैठे नजर आए। दूसरी तस्वीर में उनका चेहरा खून से लथपथ और चोटिल दिखाई दिया। तीसरी तस्वीर में दोसांझ दो बच्चों के साथ पोज देते नजर आए। जसवंत सिंह खालरा पंजाब के अमृतसर में एक बैंक के निदेशक थे। पंजाब में उग्रवाद के बाद उन्होंने पंजाब पुलिस द्वारा हजारों युवा सिखों की हत्या और दाह संस्कार का एक रिसर्च में खुलासा किया था। जानकारी के अनुसार इसके बाद उनका अपहरण कर लिया गया था। उनकी मौत आज तक रहस्य बनी हुई है। केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड ने 'पंजाब 95' के निर्माताओं को फिल्म में 120 कट करने का निर्देश दिया था। जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित फिल्म के निर्माता रॉनी स्क्रूवाला, अभिषेक चौबे और हनी त्रेहान हैं। फिल्म के निर्देशक हनी त्रेहान हैं। दिलजीत दोसांझ फिल्म में मुख्य भूमिका में हैं, जो जसवंत सिंह खालरा की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है।

# रिलीज हुआ 'जेलर 2' का 4 मिनट लंबा टीजर



मुंबई । साउथ की फिल्मों का क्रेज हर बीतते दिन के साथ बढ़ता जा रहा है। पुष्पा 2 की दीवानगी के बीच लंबे समय से इंतजार कर रहे हैं रजनीकांत के फैंस का इंतजार अब खत्म हो गया है। मेकर्स ने जेलर के दूसरे पार्ट का टीजर जारी कर दिया है। थलाइवा इस टीजर में दमदार एक्शन करते दिखाई दे रहे हैं। खास बात ये है कि टीजर को बनाने के लिए डायरेक्टर नेल्सन और म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध ने मिलकर साथ काम किया है जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं। कैसा था जेलर 2 का टीजर? टीजर की शुरुआत एक क्लाइमेट फॉरकास्ट से होती है, जिसमें कहा जाता है कि अरब सागर में तेज नाम का एक साइक्लोन आने वाला है। पहले सीन में नेल्सन और अनिरुद्ध मसाज चेयर पर आराम करते नजर आते हैं। दोनों के बीच बातचीत हो रही है जिसमें अनिरुद्ध कहते हैं कि अरे यार एक और साइक्लोन आने वाला है, क्या कहता है नेल्सन वापस मुंबई चले क्या? इस बात पर नेल्सन कहते हैं कि साइक्लोन मुंबई में ही तो है। दोनों अपनी नई स्क्रिप्ट पर चर्चा कर रहे होते हैं कि इसी बीच एक आदमी आकर ठीक उनके सामने गिरता है। इसके बाद कुछ गुंडे घर में घुस आते हैं जिन्हें रजनीकांत मौत के घाट उतार देते हैं। वो एक के बाद एक अपने खतरनाक एक्शन मूव्स से सबको हैरान कर देते हैं। टीजर को देखकर इसके आने वाले म्यूजिक के लिए से ऑडियंक की उम्मीदें बढ़ गई हैं। टीजर देख क्या बोले यूजर्स? जेलर 2 का टीजर सबसे ज्यागा एक्स पर वायरल हो रहा है। एक यूजर ने टीजर की एक झलक लेते हुए लिखा, फिल्म के पहले पार्ट ने धमाल मचा दिया था आने वाले दिनो में ये कई फिल्मों के रिकॉर्ड को तोड़ कर चकनाचूर कर देगी। वहीं एक का कहना है कि टीजर के अंदर जिस तरह का सेटअप बनाया गया है वो काफी मजेदार था। मेकर्स ने 4 मिनट में ही अपने हुकुम के इक्के को दिखाकर हैरान कर दिया है। पुष्पा 2 के बेंचमार्क को कर पाएगी टच? सोशल मीडिया पर टीजर को देखते हुए और फिल्म को लेकर बने हाइप को देखकर कई लोगों का कहना है कि ये पुष्पा 2 के आंकड़ों को पार करने में सफल हो जाएगी। एक यूजर ने लिखा, जेलर 2 अगली पुष्पा 2 बन सकती है।

पहले पार्ट का जादू जबरदस्त था। कई यूजर्स ने दिग्गज अभिनेता की स्क्रीन प्रेजेंस की भी खूब तारीफ की। अब ये तो रिलीज के बाद ही पता लगेगा कि मूवी बॉक्स ऑफिस पर कमाल दिखा पाती है या नहीं। जेलर के पहले पार्ट के बारे में...

आपको बता दें कि 2023 में रिलीज हुई जेलर ने बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता हासिल की थी। नेल्सन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रजनीकांत मुख्य भूमिका में नजर आए थे, साथ ही विनायकन, राम्या कृष्णन, तमन्ना भाटिया, वसंत रवि, मिरना मेनन, योगी बाबू और सुनील जैसे कलाकार सहायक भूमिकाओं में थे। मोहनलाल, शिवा राजकुमार और जैकी श्रॉफ ने फिल्म में कैमियो रोल किया था। इस फिल्म ने दुनिया भर में ₹604.5 करोड़ और भारत में ₹348.55 करोड़ कमाए थे।

# 16 जनवरी 2025 का पंचांग






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 07.14 प्रात-
सूर्यास्त- 05.58 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 08.25 सायंकाल
चंद्र अस्त- 09.32 प्रात-
चंद्रमा- प्रात- 11.26 उपरांत सिंह राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-17 पूर्णिमांत महीना माघ-03, पक्ष-कृष्ण 02 तिथि-तृतीया प्रात- 04.06 तक बाद में चतुर्थी, नक्षत्र- आश्लेषा प्रात- 11.16 तक बाद में माघ, योग-आयुष्मान रात्रि- 01.06 तक बाद में सौभाग्य, करण-वणिज दोपहर- 03.39 तक बाद में विष्टी प्रात- 04.06 तक बाद में बव, राहु काल दोपहर- 1.30 से 03.00 बजे तक, कुलीक काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक, यमगंड प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.15 से 12.58 तक दुमुहूर्त प्रात- 10.49 से 11.32 तक व दोपहर- 03.06 से 03.49 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.37 से 06.26 तक।

## आज 16 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष- कार्य में मन लगाए, दृढ़ इच्छाशक्ति रखें, परीक्षा के नोट्स बनायेगे, क्लेश से दूरी बनाये, माँ पर झुंझलाहट ना उतारे, गैस की समस्या रहेगी।
भाग्य प्रतिशत-50

वृषभ-व्यक्तित्व लाईम-लाईट में आयेगा, मीडिया अटेंशन मिलेगा, ब्रांड प्रोमोशन, लेदर, रेडीमेड गारमेंट, मदिरा व्यवसाय उत्तम चलेगा, विवाह बड़ी उम्र की महिला से तय हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-82

मिथुन-अध्यापक है तो ट्यूशन बढ़ जाएंगे, पैसा जाएगा लेकिन उधार कम होगा, कमीशन कार्य से लाभ होगा, लोग भरोसा करेंगे, जीवन साथी अच्छी सलाह देगा।
भाग्य प्रतिशत-78

कर्क-अपना कार्य ठीक से करें सीनियर से सुनना पड़ सकता है, गलती कहा कर रहे है आकलन करे, शिक्षा में लापरवाही कर सकते है, घर में नया बदलाव करवा सकते है।
भाग्य प्रतिशत-54

सिंह-नदी में स्नान, समुद्र, विदेश यात्रा दिखती है, पैरों में तकलीफ़ सम्भव है, व्यवसायिक रणनीति बनेगी जिससे आमदनी बढ़े, जीवन साथी को उपहार दे सकते है।
भाग्य प्रतिशत-79

कन्या-करियर में उन्नति मिलेगी, सपने पूरे करना चाहेंगे, जीवन स्तर सुधारने हेतु खर्चे बढ़ा सकते है, शुगर, मूत्राशय रोग हो तो ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-76

तुला- जीवन साथी के साथ कही खुशी के पल बिताएंगे, मनचाहा घर बनकर तैयार हो जाएगा, बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा, कम्पनी में विरोध के बाद भी आगे बढ़ेंगे।
भाग्य प्रतिशत-82

वृश्चिक- यात्रा में परेशानी सम्भव है, पिता को चिंता बढ़ेगी, विवाह के लिए दिखाने की रस्म हो सकती है, किसी मित्र से धन मिल सकता है।
भाग्य प्रतिशत-57

धनु- कोई केस चिंता का कारण बनेगा, लीवर, गैस रोग से परेशानी सम्भव है, प्रेम सम्भव में विवाह कब करें बातचीत करेंगे, मन में असुरक्षा बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-53

मकर-धन खर्चा बढ़ेगा लेकिन कहीं से आर्थिक लाभ भी मिलेगा, ससुराल पक्ष के लोग ज्यादा हावी हो सकते है, टैलेंट बुद्धिमत्ता से अपनी पहचान बनाएंगे।
भाग्य प्रतिशत-62

कुम्भ-काम और कोई पारिवारिक जिम्मेदारी को मुश्किल से सम्भाल पायेंगे, रोग ठीक होने में समय लेगा, करियर में मित्र या संबंधों की मदद मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-53

मीन- उच्च शिक्षा के दौरान प्रेम प्रसंग चल रहा है तो उसमे अधिक ध्यान रहेगा, बैंकिंग सेक्टर में नौकरी करें तो उत्तम रहेगा, जीवन में यू- टर्न लेना पड़ेगा मुश्किल होगी।
भाग्य प्रतिशत-50

# सलमान खान, अमन और राशा और रवीना टंडन ने मचाया धमाल

## बिग बॉस 18 ग्रैंड फिनाले के करीब पहुंचा



मुंबई । मशहूर टीवी शो बिग बॉस 18 अब अपने ग्रैंड फिनाले के करीब पहुंच गया है। शो में फिनाले से पहले कई खास मेहमानों की एंट्री हो रही है। शो के वीकेंड के वार के एक नए प्रोमो में फिल्म आजाद के दो मुख्य कलाकार, अमन देवगन और राशा थडानी, सलमान खान के साथ नजर आए। इस खास मौके पर बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन भी मंच पर मौजूद थीं। प्रोमो में सलमान खान, अमन और राशा का मंच पर स्वागत करते हुए कहते हैं, यह विश्वास करना मुश्किल है कि आप लोग हीरो-हीरोइन बन गए और मैं वही का वही हूं। इसके बाद, सलमान खान राशा से मजाक करते हुए कहते हैं कि वह अपनी बड़ी बहन को बुला सकती हैं। यहां सलमान, राशा की मां रवीना टंडन को उनकी बड़ी बहन मानते हुए उनका स्वागत करते हैं। इस प्रोमो में, अमन देवगन और राशा थडानी सलमान खान को अपनी आने वाली फिल्म आजाद के गाने फिरंगे के डांस स्टेप्स सिखाते हुए दिखाई देते हैं। इसके बाद, राशा और अमन, सलमान और रवीना के साथ एक मजेदार गेम खेलते हैं। इस दौरान, सलमान और रवीना प्यार दिलों का मेला है गाने पर मस्ती से झूमते हुए नजर आते हैं। अंत में, सभी कलाकार मिलकर जीने के हैं चार दिन गाने पर जोरदार डांस करते हैं। बिग बॉस 18 का ग्रैंड फिनाले 19 जनवरी 2025 को प्रसारित किया जाएगा। यह फिनाले एपिसोड रात 9 बजे से शुरू होगा और लगभग 3 घंटे तक चलेगा। दर्शक कलर्स टीवी और जियो सिनेमा पर शो का लाइव फिनाले देख सकते हैं।

# मानेरो को हराकर सबालेंका तीसरे दौर में पहुंची



मेलबर्न । चल रहे ऑस्ट्रेलियन ओपन में एक शानदार दिन में, गत चैंपियन आर्यना सबालेंका और पेरिस ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें झेंग किनवेन को प्रतियोगिता से बाहर होना पड़ा, जबकि सबालेंका ने अपना अभियान जारी रखा। सबालेंका ने रॉड लेवर एरिना में 54वीं रैंकिंग वाली जेसिका बौजास मानेरो को 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे सेट में सबालेंका 5-2 से पिछड़ रही थीं, लेकिन उन्होंने एक घंटे 34 मिनट में जीत हासिल करने के लिए अच्छा संघर्ष किया। दूसरी ओर, जर्मन दिग्गज लॉरा सीगमंड ने जॉन कैन एरिना में पांचवीं वरीयता प्राप्त झेंग को 7-6(3), 6-3 से हराकर सबालेंका-झेंग के बीच रीमैच की संभावना को खत्म कर दिया, क्योंकि सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 फाइनल सहित पांच मैचों में उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था। झेंग पांचवीं रैंकिंग पर एक बड़े खिताब के दावेदार के रूप में टूर्नामेंट में आई थी, लेकिन वह खेल के दो घंटे और 16 मिनट के भीतर दुनिया की 97वें नंबर की खिलाड़ी लॉरा से हार गई। लॉरा ने अपने करियर की 11वीं शीर्ष 10 जीत हासिल की। सबालेंका ने अपने मैच में लगातार पांच गेम जीतकर दूसरे सेट में जगह बनाई और तीसरे राउंड में जगह बनाई। वह 2014 में विक्टोरिया अजारेंका के बाद से लगातार 16 ऑस्ट्रेलियन ओपन मैच जीतने वाली पहली महिला हैं। सबालेंका ने डब्ल्यूटीए वेबसाइट के हवाले से कहा, उसने अविश्वसनीय टेनिस खेला, खासकर दूसरे सेट में।मैं वास्तव में खुश हूं कि मैं उस सेट को पलटने में सक्षम थी। बहुत से खिलाड़ी हैं जो इन परिस्थितियों में वास्तव में अच्छा खेल रहे हैं ... आज के मैच ने यह साबित कर दिया। लड़कियां वहां जा सकती हैं और बिना किसी डर के, बिना कुछ खोए खेल सकती हैं। वे आपको वास्तव में असहज स्थिति में डाल सकते हैं। आपको वहां जाकर लड़ना होगा और प्रतिस्पर्धा करनी होगी और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, उन्होंने कहा। उन्होंने मार्टिना हिंगिस (1997-1999) के बाद लगातार तीन ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब हासिल करने वाली पहली महिला बनने का भी प्रयास किया। दूसरी ओर, सीरगरमुंड अपने करियर की शीर्ष पांच जीत में से चार के साथ मैच में उतरी थी। उसने बिना किसी प्रयास के रिटर्न विनर और पासिंग विनर लगाए। हालांकि पहला सेट टाईब्रेकर तक पहुंच गया था, लेकिन जर्मन खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा और जीत हासिल की। अगले सेट में, सीरगरमुंड ने झेंग को ध्वस्त कर दिया और दूसरी बार ऑस्ट्रेलियन ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई। मैं अपने प्रदर्शन से बहुत खुश और बहुत गर्वित हूं। मुझे इस तरह के शीर्ष खिलाड़ी के खिलाफ बहुत, बहुत कठिन खेल की उम्मीद थी। मुझे लगता है कि वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है।卐 卐यह कभी भी आसान नहीं होने वाला है, और मैच के दौरान लगातार कठिन परिस्थितियाँ आती रहेंगी, जैसे कि हल करना। लेकिन मैं साहसी बनना चाहता था। मैं अपने खेल में विविधता दिखाना चाहता था, बहुत आक्रामक होना चाहता था, और मैंने वही किया, सीगरमंड ने कहा।

# घरेलू बाजार में सोने और चांदी में तेजी



नई दिल्ली । घरेलू बाजार में बुधवार को भी सोनी और चांदी की कीमतों में तेजी रही। सुबह एमसीएक्स पर सोना 0.21 फीसदी की बढ़त के साथ ही 78,322 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी 0.19 फीसदी ऊपर आकर 90,725 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। इस साल की शुरुआत में सोना 76,583 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब बढ़कर 78,025 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया है। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 86,055 रुपए प्रति किलोग्राम से बढ़कर 88,400 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस साल अब तक सोने के दाम 1,442 रुपए बढ़ चुके हैं। वहीं, चांदी की कीमत 2,345 रुपए बढ़ी हैं। बाजार में उठापटक से निवेशक सुरक्षित विकल्प की तलाश में सोने और चांदी में निवेश कर रहे हैं।

गत वर्ष सोने की कीमतें 20.22 फीसदी ऊपर आयीं। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19त्न की तेजी रही। गत वर्ष एक जनवरी 2024 को सोना 76,583 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,948 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। इसी दौरान चांदी की कीमत 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम से उछलकर 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गयी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा 21 निक्षय शिविर आयोजित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । श्री प्रेमचंद लोहिया ट्रस्ट द्वारा निक्षय दिवस का आयोजन किया गया और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा सुनील कुमार त्यागी के कुशल निर्देशन में जिला क्षय रोग विभाग की ओर से आयोजन का पर्यवेक्षण किया गया। सभी केंद्रों पर टीबी के प्रति संवेदीकरण किया गया और लक्षणयुक्त रोगियों की टीबी जांच के लिए स्पुटम लिए गए। साथ ही जिला क्षय रोग विभाग और मेरिनो इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा पोषित श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में गणेशपुरा में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डा. राजेश सिंह ने ग्रामीणों का टीबी के प्रति संवेदीकरण करते हुए बताया कि दो सप्ताह से अधिक खांसी




या बुखार, खांसी में बलगम या खून आना, रात में सोते समय पसीना आना, वजन कम होना, सीने में दर्द रहना, यह सब टीबी के लक्षण हो सकते हैं, इनमें से कोई भी लक्षण आने पर टीबी की जांच कराना जरूरी है। टीबी की जांच और उपचार की सुविधा सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है और डा. राजेश सिंह ने टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में श्री प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे सहयोग की सराहना की तथा गणेशपुरा में आयोजन शिविर में टीबी जांच के लिए 12 ग्रामीणों के स्पुटम (बलगम) लिए गए, 7 ग्रामीण को एक्स-रे के लिए रेफर किया गया। इसके अलावा 36 ग्रामीण की ब्लड शुगर जांच की गई। शिविर में ट्रस्ट की ओर से डा. पीएस अग्रवाल, डा. डीके अग्रवाल, विनोद कुमार, यासीन अली, अनिल कुमार सुहैल खान और ईश्वरचंद का सहयोग रहा। बता दें कि ट्रस्ट की ओर से जिला क्षय रोग विभाग के साथ मिलकर जनपद के अलग-अलग गांवों और कालोनियों में 21 निक्षय शिविरों का आयोजन किया जा चुका है साथ ही जनपद के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर व प्राथमिकता स्वास्थ्य केंद्र व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर निक्षय दिवस कार्यक्रम मनाया गया।

# मिनी नंदिनी कृषक समृद्धि योजना में लाभार्थियों का किया गया रेडमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा चयन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा किया गया। जिसमें उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, दुग्धशाला विकास अधिकारी व अग्रणी जिला प्रबन्धक एवं आवेदन करने वाले समस्त लाभार्थी महिला एवं पुरुष की उपस्थिति में किया गया। डा0 ओ0पी0 मिश्रा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के द्वारा योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा लाभार्थियों के नाम क्रमवार बैठक में बताये गये जिनका चयन रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया द्वारा योजना में आवंटित लक्ष्य 4 लाभार्थियों के कुल आवेदन 7 के सापेक्ष किया गया। चयनित लाभार्थी हर्षवर्धन त्यागी, अमित पिलानिया, फरहीम व अनुराधा तथा अवशेष लाभार्थियों को निम्नानुसार सॉफ्टेयर से प्राप्त प्रतीक्षा सूची में नीलम त्यागी, कुलदीप पिलानिया, व अमित कुमार क्रमबद्ध सूची में रखा गया। यदि चयनित लाभार्थियों द्वारा योजना को तय समय से पूर्ण नही किया जाता है तो प्रतीक्षारत लाभार्थियों को क्रम से अवसर दिया जायेगा। डा0 ओ0पी0 मिश्रा मुख्य पशुचिकित्साधिकारी द्वारा चयनित लाभार्थियों को धन्यवाद प्रस्ताव जारी करते हुए बैठक का समापन किया गया।

# संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व अध्यक्ष के निवास स्थान पर पहुंचकर स्वस्थ की ली जानकारी -श्याम वर्मा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला ईकाई के जिला सूचना प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता व हापुड़ के जिला अध्यक्षों ज्ञानेंद्र त्यागी का गंभीर बीमारी के चलते मेरठ के एक निजी हस्पताल में पांच दिन तक भर्ती रहने के बाद स्वस्थ होकर अपने गांव वझीलपुर पहुंचे इ सूचना मिलते ही वरिष्ठ किसान नेता मांगेराम त्यागी कुतुबपुर,युवा कवि विकास विजय सिंह त्यागी,भारतीय किसान यूनियन के युवा के जिला ज्ञानेश्वर त्यागी,चौधरी ताराचंद इंटर कॉलेज हापुड़ के अध्यक्ष व हापुड़ नगर पालिका परिषद के सभासद रूद्राक्ष मुनि त्यागी,रामनिवास स्मारक बालिका इंटर कालेज तगासराय के प्रबंधक हरिराज सिंह, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संयोजक सरदार राजेन्द्र सिंह औलख, संस्था की पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला ब्रिगेड की उपाध्यक्ष मुनेश त्यागी, संस्था के जिला उपाध्यक्ष मुकेश त्यागी संस्था के पूर्व जिला सचिव विजय वर्मा,भाकियू भानु के राष्ट्रीय महासचिव सुधीर त्यागी, भाकियू अराजनैतिक के जिला प्रभारी राधेलाल त्यागी,सुधीर मूंछ, शैंकी त्यागी,दोयमी सोसायटी के पूर्व चेयरमैन अनुज त्यागी,खड़खडी गांव के पूर्व प्रधान बबलू त्यागी,श्रीभगवान नंबरदार व ज्ञानेंद्र त्यागी के कक्षा प्रथम के गुरु विजय सिंह त्यागी आदि जनपदों से किसान संगठनों व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने ज्ञानेंद्र त्यागी के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी व मुलाकात कर उनकी हौसला अफ़ज़ाई की।

# पशु चोर गिरोह के 02 सदस्य गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलन्दशहर। जनपद मे तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 15-01-2025 को थाना छतारी पुलिस व स्वाट टीम देहात द्वारा चैकिंग के दौरान बान सरभन्ना बम्बे से पशु चोर गिरोह के 02 सदस्यो को 15,000/- रुपये नकद(चोरी किये गये पशु को बेचकर प्राप्त किये हुए) व अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना छतारी पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता-1. समीर पुत्र कमरुद्दीन निवासी निशात बाग कालोनी चिलकौरा थाना क्वार्सी जनपद अलीगढ। 2.अयूब पुत्र शाहिद निवासी भुजपुरा मुल्लापाडा थाना कोतवाली नगर जनपद अलीगढ।

बरामदगी- 1.15,000/- रुपये नकद 2.01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस अभियुक्तों द्वारा थाना छतारी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम नारऊ से भैस चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना छतारी पर मुअसं- 11/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्त समीर व अयूब का आपराधिक इतिहास-1.मुअसं-11/25 धारा 303(2) बीएनएस थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर। 2.मुअसं-16/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना छतारी जनपद बुलन्दशहर। गिरफ्तार करने वाली स्वाट टीम देहात-1.श्री लोकेश अग्निहोत्री प्रभारी स्वाट टीम देहात 2.है0का0 नितिन शर्मा, है0का0 नेत्रपाल राणा, है0का0 कुलदीप कुमार, है0का0 अरुण कुमार, का0 मनीष कुमार, का0 आकाश कुमार, का0 अजय सोलंकी, का0 विपिन कुमार गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-1. श्री संदीप कुमार थाना प्रभारी छतारी 2.उ0नि0 रामकुमार राम,उ0नि0 उदयवीर सिंह,उ0नि0 राजीव उपाध्याय 3.का0 मनोज कुमार

# विदाई समारोह- प्रखर पांडे बने सीओ सिटी, दी भावभीनी विदाई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलन्दशहर। शिकारपुर बुधवार को कोतवाली परिसर में प्रशिक्षु सीओ / कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रखर पांडे का विदाई समारोह कार्यक्रम हुआ। प्रखर पांडे बने सीओ सिटी बुलंदशहर। इस मौके पर सीओ शिव ठाकुर व शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र दुबे ने स्थानांतरित सीओ प्रखर पांडे को स्मृति चिन्ह देकर विदाई दी। इस दौरान समस्त स्टाफ व व्यापारियों ने.सीओ सिटी प्रखर पांडे को फूल माला पहनाकर भावभीनी विदाई दी। इस दौरान सीओ सिटी प्रखर पांडे अपने स्वागत से अभीभूत नजर आए और उन्होंने कहा कि शिकारपुर क्षेत्र की जनता का जिस तरह से प्यार और सहयोग सेवा काल में मिला है उसको वह जीवन भर भुला नहीं पाएंगे और जब कभी भी मेरे लायक कोई सेवा होगी शिकारपुर क्षेत्र के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस मौके कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जनकल्याणकारी दिवस के रूप में हापुड़ में मनाया गया बसपा सुप्रीमो बहन कु0 मायावती का जन्मदिन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री आयरन लेडी बहन कु0 मायावती का 69 वा जन्मदिन शहर के बुलंदशहर रोड पर स्थित उर्मिला सेलिब्रेशन बैंक्विट हॉल में जिला अध्यक्ष डॉ ए.के कर्दम व जिला यूनिट बसपा के तत्वाधान में जनकल्याणकारी समारोह दिवस के रूप में मनाया गया। जहां मुख्य अतिथि जितेंद्र गौतम प्रभारी मेरठ मंडल व विशिष्ट अतिथि देवेंद्र भारती प्रभारी मेरठ मंडल उपस्थित रहे और उनका फूलों का बुग्गा देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी व मान्यवर काशीराम के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। तो वहीं मुख्य अतिथि जितेंद्र गौतम ने बहन कुमारी मायावती के कार्यकाल में गरीब,कमजोर पिछड़ों एवं शोषित वर्ग के लोगों को दिए गए उनके हक अधिकार के साथ कार्यों को गिनाते हुए उनका जीवन परिचय बताया। विशिष्ट अतिथि देवेंद्र भारती ने बहुजन समाज के आत्म सम्मान में बहन कु0 मायावती द्वारा किए गए कार्य को कभी बुलाया नहीं जा सकता और हम संकल्प लेते हैं उनके हाथों को मजबूत कर आने वाले समय में बहन कु0 मायावती को यूपी की मुख्यमंत्री का बनाने का काम करेंगे और जिला अध्यक्ष डॉक्टर ए.के कर्दम ने सभी लोगों को बहन कुमारी मायावती के 69 वे जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए बाबूदिन कुरैशी को नगर अध्यक्ष घोषित करते हुए कहा कि जब से उन्होंने राजनीति में कदम रखा है बसपा का साथ नहीं छोड़ा ऐसे ईमानदार लोगों को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है जिससे बहन जी के कंधों को मजबूत किया जा सके और आज जो महिलाएं,पुरुष व युवा लोग इकट्ठा हुए हैं बहन कुमारी मायावती की लंबी उम्र की दुआ करने के लिए यहां आए हैं अंत में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी श्रीपाल ठेकेदार ने लोगों को बहन कु0 मायावती के जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जा रहा है और हमें 2027 तक बहन कु0 मायावती के हाथों को मजबूत कर छठी बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनना है जिससे गरीब,कमजोर,पिछड़ों व उपेक्षितयो लोगों के आत्म सम्मान के हक अधिकारों की आवाज को बुलंद किया। इस मौके पर डसना अध्यक्ष पति मुजाहिद हुसैन,हापुड़ विधानसभा अध्यक्ष एडवोकेट दिनेश कुमार, महेश टायर वाले, राजकुमार सागर, सतीश कश्यप,डॉक्टर सुनील सरकार, राकेश कुमार एंबुलेंस वाले, जॉनी जाटव, योगेंद्र धनोरा, कैलाश हल्द्वानी, कैलाश कुमार, दीपक बौद्ध, नितिन कुमार, केपी सिंह, प्रदीप जाटव, बाबूराम बेधड़क, जितेंद्र कुमार जाटव, विक्की कुमार, मनीष कुमार, राजेंद्र कश्यप, बी डी संगम आदि सैकड़ो की संख्या में बसपा समर्थक,महिलाएं व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षा भारती संस्कार केंद्र द्वारा स्कूली बच्चों को भेंट की खेल सामग्री

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो



हापुड़। शिक्षा भारती द्वारा ग्राम विकास के दृष्टिगत ग्राम गोयना एवं ग्राम दस्तोई में ग्रामीण श्रमिक वर्ग के बच्चों को स्कूली शिक्षा की ओर उन्मुख करने के उद्देश्य से संचालित शिक्षा भारती संस्कार केंद्र हापुड़ के प्रमुख समाजसेवी द्वारा खेल सामग्री भेंट की गई थी और इस भेंट को प्राप्त कर इसे केन्द्रों में स्थापित किया गया। कार्य का शुभारम्भ गोयना केन्द्र को भेंट किये गए माइक एवं स्पीकर पर केंद्र पर शिक्षा प्राप्त करने वाले साक्षी , यशी एवं आजमी द्वारा गायत्री मंत्र के वाचन से किया। तत्पश्चात् विद्यालय को भेंट किये गए स्लाइडर, सीसो,बास्केटबॉल स्टैंड एवं रिंग गेम पर बच्चों ने खेल कर आनन्द की अनुभूति की। इस अवसर पर उपस्थित राजीव गुप्ता, राजकुमार वर्मा एवं मुकेश कुमार तोषनीवाल ने बच्चों को बिस्कुट और नमकीन के पैकेट भेंट किये। इसके पश्चात दस्तोई केन्द्र पर जाकर नये माइक एवं स्पीकर पर देश भक्ति गीत एवं गायत्री मंत्र से उसका श्री गणेश किया और सभी बच्चों ने खेल के लिए स्लाइडर , सीसो , बास्केटबॉल व रिंग गेम पाकर आनन्द का अनुभव किया और सभी बच्चों को बिस्कुट व नमकीन के पैकेट भेंट किये गए। इस अवसर पर मुकेश कुमार तोषनीवाल द्वारा बल से अधिक बुद्धि के महत्व को दर्शाने वाली पंचतंत्र की शिक्षाप्रद कहानियों द्वारा प्रेरणा दी गई। राजकुमार वर्मा ने प्रतिदिन विद्यालय आने का महत्व बताया तो वहीं राजीव कुमार गुप्ता ने केंद्र का अवलोकन कर उद्देश्यपूर्ण कार्य की प्रशंसा की। अन्त में दोनों केंद्र इंचार्ज द्वारा भेंटकर्ता का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अजीत कुमार, चिंकी, चीनू, विशाल, पूनम शर्मा, शिल्पी शर्मा एवं राखी शर्मा उपस्थित रही।

# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत हापुड़ की मेरठ रोड पर स्थित हापुड़ डिपो में चालक व परिचालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार





हापुड़। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत हापुड़ की मेरठ रोड पर स्थित हापुड़ डिपो में चालक व परिचालकों को नियमों के प्रति जागरूक किया। खासकर कुंभ जाने वाले बस चालकों व परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। साथ ही यात्रियों से किस तरह बर्ताव करें। इसके बारे में जागरुक किया। यातायात टी एस ई ओंकार सिंह सहरावत पुलिस की टीम के साथ बुधवार को हापुड़ की मेरठ रोड पर स्थित हापुड़ डिपो पहुंची टी एस ई ओंकार सिंह सहरावत द्वारा अभियान चलाया गया जहां चालकों व परिचालकों को एकत्र कर नियमों के प्रति जागरूक किया और बताया कि कोहरे में किस तरह वाहन चलाना चाहिए।

# डीआईजी मेरठ रेंज द्वारा जनपद हापुड़ स्थित कंट्रोल रूम व डायल-112 का वार्षिक निरीक्षण कर पुलिस पेन्शनर्स के साथ की गोष्ठी





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि द्वारा जनपद हापुड़ स्थित कंट्रोल रूम व डायल-112 का वार्षिक निरीक्षण कर पुलिस पेन्शनर्स के साथ की गोष्ठी आयोजित की गई । इस दौरान पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, सहित आदि अधिकारीगण मौजूद रहे। संचार व्यवस्थाये दुरस्त रखने हेतु निरीक्षण के दौरान कन्ट्रोल रूम में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारियों को निम्नांकित निर्देश दिये गये कि डीसीआर/सीसीआर में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारी ड्यूटी के दौरान निर्धारित वर्दी धारण करेंगे। डीसीआर/सीसीआर में नियुक्त समस्त अधिकारी / कर्मचारियो को जनपद की भौगोलिक स्थिति की जानकारी होनी चाहिये। ट्रैफिक कंट्रोल रूम को किया जाए सीसीटीवी कंट्रोल रूम से समन्वित, ताकि किसी भी घटना पर त्वरित हो कार्यवाही। जनपद के सभी चौकी इंचार्जों का लोकेशन रात्रि के अतिरिक्त दिन में भी आकस्मिक रूप से कम से कम 2 बार अवश्य लिया जाये। जनपद के सभी चौकी इंचार्जों के सीयूजी नंबर की सूची डीसीआर/सीसीआर तथा डायल-112 में चश्पा होनी चाहिए। चौकी इंचार्जों के सीयूजी नंबर पर भी संपर्क स्थापित किया जाए। सीयूजी बन्द मिलने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु ए0आर0ओ संबंधित जनपद प्रभारी को रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। आर0आई0 रेडियो सीसीआर/डीसीआर में नियुक्त ऑपरेटर के कार्य वितरण का चार्ट तैयार कर चश्पा करे। जनपद में उत्तम संचार व्यवस्था कायम की जाए जिससे सीमावर्ती जनपद/राज्य के थानों से संचार के माध्यम से निर्वाध सम्पर्क हो सके। डायल-112 में ROIP ओ आई पी में 1 उ0नि0 ड्यूटी पर नियुक्त रहें व सूचना के बारे में सीसीआर,डीसीआर को अवगत कराये तथा गंभीर/सांप्रदायिक प्रकरणों में एसएचओ, सीओ, एडिशनल एसपी एवं एसपी को भी फोन के माध्यम से अवगत कराए। पीआरवी-112 के वाहनों का संवेदनशीलता के आधार पर रूट का निर्धारण अवश्य करा लिया जाये। एक ही स्थान पर किसी कर्मचारी की बार-बार एवं लंबी अवधि के लिए ड्यूटी ना लगाई जाए। रिजर्व में एक ही कर्मचारी की बार-बार ड्यूटी ना लगाई जाए व एक ही व्यक्ति को अधिक समय तक रिजर्व न रखें।

किसी भी कर्मी को ऐसे थानों की पीआरवी में नियुक्त न किया जाये जिन थानों में वह यूपी-112 की नियुक्ति से पूर्व तैनात रहा हो पुलिस पेन्शनर्स गोष्ठी- प्रत्येक थाने पर पेंशनर्स की नियमित गोष्ठी के निर्देश दिए तथा बीट आरक्षी की बीट बुक में पेंशनर्स का विवरण अंकित करने के लिए कहा गया जिससे बीट आरक्षी नियमित रूप से उनसे मिलते रहे। पेंशन प्रकरणों से सम्बन्धित लिपिक को समय से प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस पेन्शनर्स गोष्ठी के दौरान आये हुए पेन्शनर्स से वार्ता कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने तथा प्रत्येक माह थाना स्तर पर पेन्शनर्स मासिक गोष्ठी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि पेन्शनर्स की समस्यओं का समाधान थाना स्तर पर ही किया जा सके और उन्हे मुख्यालय आने की असुविधा न उठानी पड़े।

# विधायक धर्मेश तोमर द्वारा 152 ट्रेक सूट का वितरण किया गया




उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय धौलाना में धर्मेश तोमर विधायक धौलाना की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत 152 ट्रेक सूट का वितरण कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं को किया गया इस अवसर पर महोदय द्वारा बेटा-बेटी में भेदभाव न करें, दोनों को समान शिक्षा दें जिससे बेटियां भी अपने पैरों पर खड़ी होकर परिवार, समाज व देश का नाम रोशन करें, साथ ही मा0 विधायक द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बालिकाओं के साथ भोजन किया गया। कार्यक्रम में स्मिता सिंह जिला प्रोबेशन अधिकारी, रितु तोमर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, देशराज वत्स खण्ड शिक्षा अधिकारी, अमित शर्मा डी0सी0, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का स्टॉफ जिला प्रोबेशन कार्यालय से पंकज यादव कनिष्ठ सहायक, मनीष द्विवेदी संरक्षण अधिकारी आदि अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक व चेयरमैन धर्मपाल सिंह की जयंती पर प्रसाद वितरण कर दी श्रद्धांजलि



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। सदर के पूर्व विधायक व चेयरमैन स्वर्गीय धर्मपाल सिंह की जयंती पर उनकी पुत्री मानवी सिंह ने समाज सेविका व सदस्य शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मिलकर जरूरतमंद,गरीब शरणार्थी लोगो को प्रसाद वितरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। एक ईमानदार नेता एवं विकास पुरुष के रूप मे प्रसिद्ध स्वर्गीय धर्मपाल सिंह के जयंती पर उनकी पुत्री मानवी सिंह एवं अन्य समस्त सम्मानित साथियो ने अपने अपने विचार विमर्श करते हुए नेता द्वारा हापुड़ मे किये गए विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय मे उनके जैसा नेता दूर तक दिखाई नही देता जो राजनैतिक रूप से बहुत बड़ी क्षति है। इस दौरान अजित सिंह, कपिल कुमार,भारती सिंह,किश्मा सिंह, मदन ओम राय,लोकेश सागर , मोनू कुमार, अरुण वर्मा आदि उपस्थित रहें

# जनपद हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों में जबरदस्त कोहरा छाने से दृश्यता काफी ज्यादा प्रभावित रही



उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। जनपद हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों में बुधवार की सुबह जबरदस्त कोहरा छाने से दृश्यता काफी ज्यादा प्रभावित रही। कोहरे के जबरदस्त कहर के आगे वाहन चालक बेबस दिखाई दिए। मंगलवार की रात से ही सड़क पर कोहरा गिरना शुरू हो गया था। बुधवार की सुबह भी जबरदस्त कोहरा होने की वजह से राहगीर, वाहन चालकों को काफी ज्यादा परेशानी और ठंड का सामना करना पड़ा। इस दौरान दृश्यता भी घटकर कुछ ही मीटर की रह गई। जनपद हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों में मंगलवार की रात से कोहरा पड़ना चालू हो गया। हापुड़, बाबूगढ़, सिंभावली, हाफिजपुर, पिलखुवा आदि इलाकों में जबरदस्त कोहरा छा गया। इस दौरान ग्रामीण व आउटर क्षेत्र में कोहरे का अधिक प्रभाव देखने को मिला। बुधवार की सुबह जब क्षेत्रवासी सड़क पर उतरे तो देखा कि शहर ने कोहरे की सफेद चादर लपेटी हुई थी। वाहन चालकों को पार्किंग तथा हेडलाइट का इस्तेमाल करना पड़ा। इस दौरान दृश्यता कुछ ही मीटर की रह गई।

# 53 वाहनों के एआरटीओ विभाग ने किए चालान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । पीटीओ आशुतोष उपाध्याय ने जानकारी देते हुए बताया कि चालको द्वारा नियमों का ना पालन करते हुए कड़ी कार्रवाई की। जहां एक तरफ पंपलेट वितरण कर वाहनों के चला को नियमों का पाठ पढ़ाया। वहीं नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों को विभाग ने नहीं बक्शा। बुधवार को बिना हेलमेट सड़क पर उतरे करीब 53 वाहनों के एआरटीओ विभाग ने चालान किए। वही कर बकाया, फिटनेस समाप्त होने और अन्य अभियोग से जुड़े सात वाहनों को बंद कर दिया।

## भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति के पदाधिकारियों ने ओ एस डी यमुना प्राधिकरण को सौंपा ज्ञापन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा । भारतीय किसान यूनियन एकता शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्ष सरयू शर्मा के आदेशानुसार प्रति निधि मंडल आज ओएसडी यमुना प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा से मुलाकात कर किसानों की समस्याओं से अवगत कराया जिसमें ओएसडी ने आश्वासन दिया है कि किसानो की समस्याओं का जल्द ही निस्तारण किया जाएगा इस मौके पर डॉ यामीन सैफी राष्ट्रीय संगठन मंत्री उदयवीर सिंह युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षित शर्मा युवा प्रदेश अध्यक्ष हिमांशु वशिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रांत भाटी मेरठ मंडल अध्यक्ष अमरीश चौहान डॉ भंवर सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे

## दिल्ली की अदालत ने मकोका मामले में आप विधायक नरेश बाल्यान को जमानत देने से इनकार किया

नई दिल्ली । दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक नरेश बाल्यान को जमानत देने से इनकार कर दिया। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने बाल्यान की याचिका खारिज कर दी। न्यायाधीश ने नौ जनवरी को आरोपी और अभियोजन पक्ष की दलीलें सुनने के बाद याचिका पर आदेश सुरक्षित रख लिया था। बाल्यान को चार दिसंबर को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। वहीं, एक अदालत ने जबरन वसूली के एक मामले में उन्हें जमानत दे दी थी। दिल्ली पुलिस ने आठ जनवरी को बाल्यान की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि वह संगठित अपराध गिरोह में एक ''सहयोगी'' थे। इसलिए पुलिस ने अदालत से मकोका मामले में बाल्यान की जमानत याचिका खारिज करने का आग्रह किया। पुलिस ने कहा कि अगर जमानत दी गई तो बाल्यान गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं, सबूत नष्ट कर सकते हैं और जांच को बाधित कर सकते हैं। विशेष लोक अभियोजक अखंड प्रताप सिंह ने दलील दी, ''उन्होंने (गवाहों ने) कबूल किया है कि आरोपी नरेश बाल्यान कपिल सांगवान के संगठित अपराध सिंडिकेट में मददगार/षड्यंत्रकारी हैं और उन्होंने अपराध करने के बाद सिंडिकेट के एक सदस्य को गिरफ्तारी से बचने के लिए धन मुहैया कराए।''अभियोजक ने दिल्ली के विभिन्न इलाकों में कथित सिंडिकेट सदस्यों के खिलाफ दर्ज 16 प्राथमिकी का हवाला देते हुए दावा किया कि इसने ''समाज में तबाही मचा दी है और भारी मात्रा में अवैध संपत्ति अर्जित की है।''

## पुरानी रंजिश में चाकू से गोदकर नाबालिग की हत्या

नई दिल्ली । उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर इलाके में एक नाबालिग की चाकू से गोदकर हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्या इलाके के अन्य नाबालिग ने पुरानी रंजिश के चलते की है। फिलहाल पीड़ित के शव को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है और पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। पुलिस आरोपी नाबालिग को पकड़ने के लिए छानबीन कर रही है। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा ने बताया कि मंगलवार रात करीब 8.30 बजे दयालपुर थाने में चाकू से हमले की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस तत्काल गली संख्या छह, एकता पब्लिक स्कूल, नेहरू विहार पहुंची जहां से पीड़ित को घायल हालत में पीसीआर वैन से जीटीबी अस्पताल ले जाया जा चुका था। अस्पताल में उपचार के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छानबीन के दौरान पुलिस को पता चला कि मृतक नाबालिग है और उसका इलाके के एक अन्य नाबालिग से किसी बात को लेकर पुराना झगड़ा था। रात करीब 8.15 बजे पीड़ित एकता पब्लिक स्कूल के पास पहुंचा था। इसी दौरान पीड़ित पर आरोपी की ओर से हमला कर दिया गया। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें आरोपी की तलाश कर रही हैं। इसके लिए पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ के अलावा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

## पूरी दिल्ली में भाजपा के खिलाफ आप प्रदर्शन करेगी

नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी ने बुधवार को कहा कि पूर्वांचलियों का अपमान करने वाली भाजपा के खिलाफ गुरुवार को पूरी दिल्ली में पार्टी विरोध-प्रदर्शन करेंगी। आप का यह विरोध-प्रदर्शन भाजपा प्रवक्ता की ओर से आप विधायक रितुराज झा को एक समाचार चैनल पर अपशब्द कहे जाने के विरोध में होगा। आप सांसद संजय सिंह ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा करते हुए कहा कि यह भाजपा का पुराना इतिहास है कि वह पूर्वांचलियों का अपमान करती है। संजय सिंह ने कहा कि भाजपा ने हमेशा पूर्वांचलियों को अपमानित करने, यूपी-बिहार और झारखंड के लोगों को धमकाने, बांग्लादेशी और रोहिंग्या कहकर अपमानित करने का अभियान चलाया है। उन्होंने कहा कि ताजा मामले में मंगलवार को एक समाचार चैनल पर बहस के दौरान भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने हमारे विधायक रितुराज झा को अपशब्द कहे। वह शब्द में दोबारा कह भी नहीं सकता हूं। इसके विरोध में हमने गुरुवार को दिल्लीभर में विरोध प्रदर्शन करने का फैसला किया है। संजय सिंह ने कहा कि आज मैं दूसरे दलों में मौजूद पूर्वांचल के नेताओं से अपील करता हूं कि वह इस अपशब्द के खिलाफ आवाज उठाएं। मनोज तिवारी पूर्वांचल के सम्मान की बात करते हैं, उनसे भी अपील करूंगा कि वह कुछ कहें। जेडीयू के संजय झा भी कुछ बोलें।

## आतिशी सड़कों पर हिरनी जैसी घूम रही हैं, दिल्ली की सीएम को लेकर रमेश बिधूड़ी ने फिर दिया विवादित बयान

नई दिल्ली । कालकाजी सीट से बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने दिल्ली सीएम आतिशी को लेकर एक बयान दिया है। बिधूड़ी ने कहा है कि आतिशी दिल्ली की सड़कों पर हिरनी के जैसे घूम रही हैं। आगे कहा कि प्रशासन की विफलता के कारण लोग फ्लैट नहीं ले पा रहे हैं। जल्द ही पहचान पत्र रखने वाले सभी लोगों को फ्लैट मिलेंगे। जब केजरीवाल और आतिशी डीजेबी के अध्यक्ष थे, तब दिल्ली में एक भी एमजीडी ट्रीटमेंट प्लांट नहीं लगा। कुछ दिन पहले भी दिया था विवादित बयान केजरीवाल शीशमहल में रहते हैं। 2 करोड़ की कार चलाते हैं। उन्होंने शीला दीक्षित को जेल नहीं भेजा, बल्कि सोनिया गांधी की गोद में बैठ गए। पूर्व सांसद और कालकाजी विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी ने बीते दिन इससे पहले एक के बाद एक दो विवादित बयान दिए थे। पहले उन्होंने कहा कि वह कालकाजी क्षेत्र की सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना देंगे, इस पर विवाद थमा भी नहीं था कि उन्होंने मुख्यमंत्री आतिशी को लेकर आपत्तिजनक बयान दे दिया। उसके बाद कहा कि आतिशी मार्लेना तो अब सिंह बन गई हैं। केजरीवाल के साथ ही कांग्रेस के नेताओं ने भी जताई थी कड़ी आपत्ति इसके साथ ही उन्होंने सीएम आतिशी पर भी उनके पिता को लेकर अमर्यादित बयान दिया था, जिस पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस नेताओं ने भी कड़ी आपत्ति जताई है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा नेताओं अपने बयानों से बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी हैं। भाजपा के नेता मुख्यमंत्री आतिशी को गंदी-गंदी गालियां दे रहे हैं। एक महिला मुख्यमंत्री को अपमानित किया जा रहा है। जिसे जनता सहन नहीं करेगी। महिलाएं इसका बदला इस चुनाव में जरूर लेंगी।

## दिल्ली ने ओढ़ी घने कोहरे की चादर, विमानों और रेलगाड़ियों के परिचालन में देरी



नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में बुधवार की सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता कम हो जाने के कारण 100 से अधिक उड़ानों और 26 रेलगाड़ियों का परिचालन बाधित हुआ। दिल्ली में न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 1.4 डिग्री सेल्सियस कम है। सुबह यहां बेहद ठिठुरन रही। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सुबह करीब साढ़े पांच बजे सफदरजंग में मध्यम कोहरे और हल्की हवा के बीच न्यूनतम दृश्यता 200 मीटर और पालम में घने कोहरे और धीमी हवा के बीच न्यूनतम दृश्यता 150 मीटर दर्ज की। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर सभी रनवे कैट-तृतीय स्थितियों के तहत संचालित हो रहे हैं, जिसमें 'रनवे विजुअल रेंज (आरवीआर)' 75 से 300 मीटर के बीच है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डीआईएएल) ने कहा कि हवाई अड्डे पर विमानों की आवाजाही जारी है, लेकिन जो उड़ानें कैट तृतीय-के अनुरूप नहीं है, उनपर असर पड़ सकता है। कैट तृतीय सुविधा, विमानों को कम दृश्यता की स्थिति में भी उड़ान भरने की अनुमति देती है। फ्लाइटरडार-24.कॉम पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, बुधवार को कोहरे की वजह से 100 से अधिक उड़ानों के परिचालन में देरी हुई। डीआईएएल ने सुबह सात बजकर 35 मिनट पर एक पोस्ट में कहा, ''यात्रियों से अनुरोध है कि वे उड़ान की अद्यतन जानकारी के लिए संबंधित एयरलाइन से संपर्क करें। किसी भी असुविधा के लिए हमें खेद है।''भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है और राजधानी के कई इलाकों में घना कोहरा छाने की खबर है। 'ऑरेंज अलर्ट' उस समय जारी किया जाता है, जब मौसम खराब होने के कारण रेल और सड़क सेवाएं बाधित हो सकती हैं। आईएमडी ने लोगों से कोहरे के दौरान वाहन चलाते या यात्रा करते समय सावधानी बरतने, बेहतर दृश्यता के लिए 'फॉग लाइट' का उपयोग सुनिश्चित करने, असुविधाओं से बचने के लिए एयरलाइन, रेलवे अधिकारियों और राज्य परिवहन सेवाओं के साथ समन्वय करके समय-सारिणी के बारे में अद्यतन जानकारी लेते रहने को कहा है। आईएमडी के अनुसार, दिनभर आसमान में बादल छाए रहने और कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी होने की संभावना है। सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 97 प्रतिशत दर्ज किया गया जबकि अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं।

## भाजपा उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी विधानसभा से नामांकन दाखिल किया



नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी विजेंद्र गुप्ता ने बुधवार को रोहिणी विधानसभा से नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर उनके साथ थे। भाजपा प्रत्याशी विजेंद्र गुप्ता ने अपने नामांकन से पहले रोड शो किया। यह रोड शो विनोबा अपार्टमेंट से शुरु होकर अहिंसा विहार अपार्टमेंट, यूको अपार्टमेंट, डीसी चौक, भारत अपार्टमेंट, अग्रोहा सोसाइटी, इंद्रप्रस्थ सोसाइटी, प्रशांत विहार एबी ब्लॉक के बीच की सड़क और बाबोसा चौक होते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय तक पहुंचा। रोड शो से पहले विजेंद्र गुप्ता ने अपने आवास पर हवन एवं पूजा कर ईश्वर का आशीर्वाद लिया। रैली आरम्भ होने से पहले भाजपा प्रत्याशी के चुनाव कार्यालय पर एक जनसभा का आयोजन किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि लोगों का उत्साह देखकर यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि रोहिणी विधानसभा सीट से भाजपा भारी मतों से विजयी होने वाली है। उन्होंने कहा कि विजेंद्र गुप्ता द्वारा उनके विधानसभा क्षेत्र रोहिणी में करवाये गए विकास कार्यों की बदौलत उनका यहां से जीतना तय है। इस अवसर पर उन्होंने मोदी सरकार के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में केंद्र सरकार ने दिल्ली के विकास के लिए बहुत सारी विकास योजनाओं की सौगात दी है। ईस्टर्न पेरिफेरियल रोड, दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे, नया रिंग रोड, प्रगति मैदान टनल, द्वारका में कन्वेंशन सेंटर, प्रगति मैदान में भारत मंडपम, नेशनल वार मेमोरियल, नया संसद भवन, दिल्ली मेट्रो का जनकपुरी वैस्ट से कृष्णा पार्क तक विस्तार, द्वारका एक्सप्रेस वे, सराय काले खां बस अड्डे से मेरठ तक रेपिड रेल, दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे, दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे जैसे अनेक प्रोजेक्ट्स हैं जिससे दिल्ली का विकास हुआ है। इस अवसर पर भाजपा उम्मीदवार विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि आआपा सरकार ने अपने दस साल के कुशासन में दिल्ली को बर्बाद कर दिया है। इस सरकार ने विकास योजनाओं के नाम पर करोड़ों अरबों का भ्रष्टाचार किया है जिसका खामियाजा दिल्ली के दो करोड़ लोग भुगत रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने लोगों से अपील की कि वो इस भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंके और दिल्ली में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनवाकर देश की राजधानी को प्रगति की नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए अपना योगदान दें।

# दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को चुनेगी - केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को नई दिल्ली विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को चुनेगी। श्री केजरीवाल ने नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद कहा कि दिल्ली की जनता इस बार भी काम की राजनीति को चुनेगी। पिछले 10 वर्षों में दिल्ली की जनता ने जो प्यार और आशीर्वाद दिया, उसने मुझे पूरी लगन और सेवाभाव से काम करने की शक्ति और प्रेरणा दी है। उन्होंने दिल्ली की जनता से कहा कि आप सभी काम के लिए वोट दीजिएगा। एक तरफ काम करने वाली पार्टी है और एक तरफ गाली-गलौज करने वाली पार्टी है। गालियां देने से कोई फायदा नहीं होता है। गालियां देने से कोई तरक्की और विकास नहीं होता है। हम इस बात पर चुनाव लड़ रहे हैं कि हमने पिछले 10 साल में क्या काम किया, आगे पांच साल में क्या काम करेंगे और हमारा दिल्ली का विजन क्या है? दूसरी तरफ, भाजपा सुबह से शाम तक केवल हमें गालियां देती है। दिल्ली की जनता से हमारी अपील है कि आप शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क समेत अन्य कामों के लिए वोट दें। उन्होंने कहा कि उम्मीद करता हूं कि 2015 और 2020 में दिल्ली की जनता ने हमारे उपर विश्वास दिया और आम आदमी पार्टी को भारी बहुमत दिया। इस बार दिल्ली के लोग विश्वास के साथ हमें वोट देंगे और उतना ही भारी बहुमत देंगे। हम एक सकारात्मक अभियान चला रहे हैं। हम लोगों को बता रहे हैं कि पिछले 10 साल में हमने स्कूल, अस्पताल अच्छे किए। इलाज फ्री किया, मोहल्ला क्लीनिक बनाए। सड़कें ठीक की। बिजली 24 घंटे की, बिजली फ्री कर दी। पानी ठीक कर रहे हैं। महिलाओं के लिए बसों का किराया मुफ्त किया। अब महिला सम्मान योजना के तहत दिल्ली की हर महिला को 2100-2100 रुपए हर महीना देंगे। संजीवनी योजना लागू करके 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का सारा इलाज फ्री कराएंगे। हमारे पास दिल्ली के लिए एक विजन है, लेकिन भाजपा के पास न कोई मुख्यमंत्री कान चेहरा है और ना कोई नेतृत्व है और ना तो भाजपा यह बता रही है कि वह दिल्ली के लिए क्या करेगी? श्री केजरीवाल ने कहा कि प्रवेश वर्मा लोगों में जूते बांट रहे हैं, जैकेट और पैसे बांट रहे हैं। उनको यह लगता है कि दिल्ली की जनता को एक जोड़ी जूते देकर खरीदा जा सकता है। यह दिल्ली की जनता का अपमान है। उन्होंने नामांकन से पहले दिल्ली की माताओं-बहनों के साथ पदयात्रा करने के दौरान कहा,पूरी दिल्ली के कोने-कोने से आज ढेरों माताएं और बहनें मुझे अपना आशीर्वाद देने के लिए आई हुई हैं। ये मेरे साथ मेरा नामांकन भरवाने के लिए भी जाएंगी। मेरा सभी माताओं और बहनों से अनुरोध है कि हमें अपना आशीर्वाद दें और भगवान से प्रार्थना करें कि दिल्ली में एक बार फिर आम आदमी पार्टी की सरकार बने और हम लोगों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क के क्षेत्र और महिलाओं को महिला सम्मान योजना के तहत 2100-2100 दिलवाने के लिए काम कर सकें। श्री केजरीवाल ने नामांकन से पहले, वह अपने परिवार के साथ वाल्मीकि मंदिर और प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचे और भगवान से आशीर्वाद लिया।

## दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने किया नामांकन



नई दिल्ली । बादली विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार और दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने बुधवार को आजाद पुर स्थित एसडीएम मॉडल टाउन कार्यालय में अपना नामांकन पत्र भरा। नामांकन भरने निकले देवेन्द्र यादव की पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, क्षेत्र की जनता सहित झारखंड की मंत्री दीपिका पांडे सिंह, नेशनल मीडिया कॉआर्डिनेटर अभय दूबे, विधायक मनीष यादव, पंजाब के पूर्व मंत्री श्याम सुंदर अरोड़ा शामिल थे। पदयात्रा के दौरान देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में दिल्ली की जो बदहाली और बर्बादी केन्द्र की भाजपा सरकार और अरविन्द केजरीवाल ने की है, उसके खिलाफ पांच फरवरी को बादली और दिल्ली की जनता अपना मत व्यक्त करेगी।

दिल्ली की जनता बेरोजगारी से निजात, महंगाई से राहत, गंदे पानी से छुटकारा, टूटी सड़कों, गंदगी, कूड़े के ढेरों से निजात दिलाने के लिए, दिल्ली में बदलाव लाने के लिए वोट डालेगी। उन्होंने आगे कहा कि आपका भाई, आपका बेटा दिल्ली के विकास के लिए वो सब कुछ करेगा जो 11 वर्ष पहले कांग्रेस ने बादली की जनता के लिए किया था। आगे उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 में जनता से जो इन्होंने वादे किए थे उनमें से एक भी पूरा नही किया। जेजे कलस्टर, अनधिकृत कालोनियां, पुनर्वास कालोनियों के लाखों लोग आज भी पीने के पानी को तरस रहे हैं और जो पानी मिल रहा है वो गंदा आता है, झुग्गी झोंपड़ी की महिलाओं को दूर दूर से पानी लाना पड़ता है। टूटी और गड्ढों वाली सड़कों में दुर्घटनाओं का संकट बना रहता है, ध्वस्त शिक्षा मॉडल, ध्वस्त स्वास्थ्य मॉडल के चलते अस्पतालों में डाक्टर नही, मशीनों को अभाव, दवाइयां नहीं हैं। मोहल्ला क्लीनिक खुले ही नहीं, खतरनाक प्रदूषण के चलते सांसों का संकट है। प्रदूषण के कारण लोग बीमार हैं लेकिन अस्पतालों में इलाज की व्यवस्था नहीं है। मुफ्त 200 यूनिट बिजली की साजिश को समझना जरूरी है, क्येंकि 201 यूनिट होते ही बिल दुगना भरना पड़ता है। राशन की दुकानें बंद कर दी, शराब के ठेके हर कोने पर खोले। उन्होंने कहा कि तीन साल बाद भी पंजाब की महिलाओं को एक हजार रुपये देने का वादा केजरीवाल ने अभी तक नहीं निभाया है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हम एक भरोसा, विश्वास लेकर लोगों की उम्मीद और जरूरत पूरी करने के लिए जनता के बीच पहुंच रहे हैं।

## मतदान के महत्व का संदेश फैलाने के लिए तीन हजार ऑटो को दिखाई हरी झंडी



नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर. एलिस वाज ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 से पहले मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए ऑटो-रिक्शा के बेड़े को हरी झंडी दिखाई। ये ऑटो-रिक्शा दिल्ली के सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में चलेंगे और मतदान के महत्व का संदेश फैलाने के साथ साथ नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेंगे। इस अभियान के तहत तीन हजार से अधिक ऑटो-रिक्शा तैनात किए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य शहर के हर कोने तक पहुंचना है और मतदान को एक मौलिक लोकतांत्रिक अधिकार के रूप में महत्व देना है। इस अवसर पर आर. एलिस वाज़ ने कहा, मतदान केवल एक अधिकार नहीं बल्कि एक जिम्मेदारी है जो लोकतंत्र की नींव को मजबूत करती है। इस अभियान के माध्यम से हम दिल्ली के हर योग्य मतदाता को प्रेरित करना चाहते हैं कि वे आगे आएं और वोट दे। जीवंत पोस्टर और नारों से सजे ये ऑटो, मोबाइल जागरूकता इकाइयों के रूप में कार्य करेंगे, जो मतदान प्रक्रियाओं, मतदान की तिथियों और हर वोट के महत्व के बारे में जानकारी देंगे। यह पहल चुनाव आयोग के व्यापक प्रयास का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आगामी चुनावों में अधिकतम मतदान और समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

## पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने मेगा रोड शो कर शकूरबस्ती से किया नामांकन



नई दिल्ली । दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने बुधवार को शकूरबस्ती विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले उन्होंने सांसद संजय सिंह और पूर्व सांसद डॉ. सुशील गुप्ता के साथ नामांकन रोड शो किया। शकूरबस्ती के सरस्वती विहार से जैन मंदिर तक रोड शो हुआ। सत्येंद्र जैन ने एक्स पर कहा कि आज मैंने अपना नामांकन दाखिल किया। जो प्यार मुझे नामांकन रैली में मिला, जो उत्साह अपने विधानसभा क्षेत्र शकूरबस्ती की सड़कों पर दिखा, वो दर्शाता है कि इलाके के लोग अपने इस बेटे को एक बार फिर अपना आशीर्वाद ज़रूर देंगे। इस दौरान सांसद संजय सिंह ने कहा कि मुझे जनता के उत्साह को देखकर पूरा भरोसा हो गया है कि शकूरबस्ती विधानसभा से सत्येंद्र जैन प्रचंड मतों के अंतर से जीतने वाले हैं। इनकी जीत को कोई रोक नहीं सकता। संजय सिंह ने आगे कहा कि सत्येंद्र जैन ने अरविंद केजरीवाल की टीम के रूप में दिल्ली में मोहल्ला क्लीनिक बनाने का काम किया। पूरी दुनिया में उन मोहल्ला क्लीनिक की तारीफ हो रही है। सत्येंद्र जैन ने पूरे देश को फ्री बिजली का मॉडल दिखाने का काम किया है। अब जनता की जिम्मेदारी है कि पूरे सूद और ब्याज समेत सत्येंद्र जैन के खाते में इतने वोट दे देना कि विपक्ष का मुंह अपने आप बंद हो जाएं।

## दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने फर्जी खबरों से निपटने के लिए मिथक बनाम तथ्य रजिस्टर लॉन्च किया

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान गलत और भ्रामक सूचना तथा फर्जी खबरों के बढ़ते खतरे को देखते हुए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय ने बुधवार को एक 'मिथक बनाम तथ्य रजिस्टर' लॉन्च किया है। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) आर. एलिस वाज ने इस मौ के पर कहा कि यह पहल दिल्ली के मतदाताओं को फर्जी खबरों के हानिकारक प्रभावों से बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और सटीकता को बढ़ावा देकर, मिथक बनाम तथ्य रजिस्टर नागरिकों को चुनाव के दौरान सूचित निर्णय लेने का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि चुनावों के दौरान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित किसी भी फर्जी खबर या भ्रामक जानकारी का इस पोर्टल पर गहन विश्लेषण, सत्यापन और खंडन किया जाएगा। इस लिंक https://www.ceodelhi.gov.in/mythvsfacts.asp× पर उपलब्ध मिथक बनाम तथ्य रजिस्टर, दिल्ली के मतदाताओं और मीडिया संगठनों के लिए झूठे आख्यानों का मुकाबला करने और तथ्यात्मक रूप से सही जानकारी आसानी से उपलब्ध कराने के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करता है। वाज ने कहा कि उनका कार्यालय नियमित रूप से मिथक बनाम तथ्य रजिस्टर को अपडेट करेगा, ताकि मतदाताओं को नवीनतम सत्यापित जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करती है बल्कि मीडिया प्लेटफॉर्म पर जिम्मेदार संचार को भी बढ़ावा देती है।

## दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने किया नामांकन



नई दिल्ली । दिल्ली के जंगपुरा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मनीष सिसोदिया ने बुधवार को नामांकन से पहले रोड शो किया। रोड शो के दौरान मनीष सिसोदिया ने जंगपुरा की जनता से कहा कि मैं आपके बीच आपका आशीर्वाद लेने आया हूं। आपके आशीर्वाद से विधायक बनकर मैं दिल्ली सरकार में बैठूंगा तो जंगपुरा के सारे काम तेजी से होंगे और किसी भी काम के लिए फंड की कमी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हर तरफ से लोगों का समर्थन मिल रहा है। लोग अपने घर की छतों पर खड़े हैं। पूरा प्यार, मोहब्बत और सम्मान दे रहे हैं। ये सब लोग मेरे अंदर एक विश्वास भर रहे हैं और मुझे आशीर्वाद दे रहे हैं। मनीष सिसोदिया ने कहा अरविंद केजरीवाल ने बिजली, स्कूल और अस्पताल इतने अच्छे कर दिए जबकि भाजपा के पास केवल दिल्ली की कानून व्यवस्था ठीक करने की जिम्मेदारी थी, वह भी नहीं संभाली गई। अब उन्हें स्कूल, अस्पताल देकर उनकी भी हालत खराब करवा लें।

## संकट मोचन सेना ( पंजाब प्रान्त ) महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मनप्रीत कौर ने किया डॉ. गोपाल चतुर्वेदी का सम्मान

उजाला हितैषी एक्सप्रेस





वृन्दावन। मोतीझील क्षेत्र स्थित श्री घीसासंत महामण्डल आश्रम में सम्पन्न हुए अभिनंदन समारोह में प्रख्यात साहित्यकार, आध्यात्मविद व समाजसेवी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी,एडवोकेट का उनके द्वारा की गई आध्यामिक व साहित्यिक सेवाओं के लिए सम्मान किया गया। उन्हें यह सम्मान पूज्य धर्म सम्राट स्वामी ज्ञान दास महाराज (अयोध्या) की प्रमुख शिष्या एवं संकट मोचन सेना (पंजाब प्रान्त) महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मनप्रीत कौर (लुधियाना) ने ठाकुरजी का चित्रपट, अंगवस्त्र एवं ठाकुरजी का पटुका प्रसादी माला आदि भेंट कर दिया। इस अवसर पर प्रख्यात चित्रकार द्वारिका आनंद, ब्रज भूमि कल्याण परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित बिहारीलाल वशिष्ठ, श्रीराधा दामोदर मंदिर के सेवायत आचार्य करुण गोस्वामी, प्रख्यात भागवताचार्य श्रीहरि सुरेशाचार्य महाराज, काशी विद्वत परिषद के कार्ष्णि नागेन्द्र महाराज, आचार्य मनोज शास्त्री, आचार्य अंशुल पाराशर, ज्योतिषाचार्य लक्ष्मी नारायण शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, नारद भक्ति आश्रम के अध्यक्ष विमल चैतन्य महाराज, संत देवदत्त बाबा महाराज, संत सेवानंद ब्रह्मचारी, आचार्य शिव कृष्ण महाराज, आचार्य भूपेंद्र महाराज, गौरव कृष्ण उपाध्याय, दीपक मिश्रा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी 18 जनवरी को आएंगे पटना, सड़कों पर लगे पोस्टर

पटना । बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। इसे लेकर सभी दलों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसी के मद्देनजर कांग्रेस नेतृत्व की नजर भी बिहार पर है। इस बीच, कांग्रेस के नेता और सांसद राहुल गांधी 18 जनवरी को बिहार की राजधानी पटना पहुंचने वाले हैं। गांधी के पटना आगमन को लेकर कांग्रेस के नेताओं ने तैयारी शुरू कर दी है। पटना की सड़कों पर इसे लेकर पोस्टर भी लगाए जा रहे हैं। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पटना के बापू सभागार में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेंगे। पटना की सड़कों पर लगे एक पोस्टर में जहां महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर की तस्वीर है, तो वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी सहित अन्य विभिन्न नेताओं की भी तस्वीर बनाई गई हैं। इस पोस्टर में एक तरफ जहां बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह की बड़ी तस्वीर है, वहीं दूसरी तरफ राहुल गांधी की बड़ी तस्वीर लगाई गई है। पोस्टर में %संविधान सुरक्षा सम्मेलन% तथा जय बापू, जय भीम और जय संविधान के साथ न्याय सत्याग्रह लिखा हुआ है। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित सभा को भी संबोधित करेंगे। इसके अलावा प्रदेश कांग्रेस के मुख्य सभागार के नवीनीकरण और उसके नामकरण राजीव सभागार और कांग्रेस कार्यालय के कर्मचारियों के लिए बने नवनिर्मित भवन, जिसका नाम इंदिरा भवन रखा गया है, का उद्घाटन भी करेंगे। नए साल में राहुल गांधी के बिहार आगमन से भाजपा और नीतीश कुमार को उखाड़ फेंकने का काम भी कांग्रेस पार्टी करेगी। राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के आगमन से बिहार कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नई स्फूर्ति आएगी जिससे एक-एक कार्यकर्ता जुटकर सूबे में नई सरकार के गठन को प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश कार्यालय परिसर में आयोजित सभा में राहुल गांधी उपस्थित जनसमूह और कांग्रेसजन को संबोधित करेंगे।

## जहांगीराबाद में हुई लूट और फायरिंग, घटना से सर्राफा व्यापारियों में भय और रोष व्याप्त

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। इन दिनों क्रिमिनल्स ज्वैलर्स और सर्राफा व्यापारियों को निशाना बना रहे है। पूर्व में हुई लूट और ठगी की कई घटनाओं के खुलासे के बाद पुलिस इस पर अंकुश लगा पाने में नाकाम साबित हो रही है ताजा मामला जनपद के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र का है जहां ग्राहक बनकर आए बेखौफ लुटेरों से दिव्यांश ज्वैलरी से लाखो की आभूषण, एक मोबाइल फोन लूट लिया और व्यापारी के शोर मचाने पर फायरिंग कर फरार हो गए। अनूपशहर के सीओ0 गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। प्राप्त विवरणनुसार पवन लोधी




पुत्र सुभाष चंद की दिव्यांश ज्वैलर्स के नाम से शॉप है। मंगलवार को पवन लोधी दुकान पर बैठे थे। पवन लोधी के पिता सुभाष ने बताया कि देर शाम को ग्राहक बनकर 2 लुटेरे दुकान पर आए पीछे-पीछे एक और युवक आया तभी तमंचे के बल पर दुकान में रखे लगभग डेढ़ किलो चांदी के आभूषण और मोबाइल फोन लूट लिया जैसे ही पवन ने शोर मचाया तो लुटेरों ने फायरिंग की गोली दुकान के पिन्नी के पर्दे को पार करते हुए दीवार में जा लगी। घटना से जहांगीराबाद के सर्राफा व्यापारियों में भय और रोष व्याप्त है।अनूपशहर के सीओ0 गिरजा शंकर त्रिपाठी ने बताया कि मामला प्रथम दृश्य संदिग्ध प्रतीत हो रहा है 10 - 12 हजार का सामान लेकर गए है। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराकर जांच कराई जाएगी। लुटेरों का पता लगाने को पुलिस अब सीसीटीवी0कैमरे की फुटेज भी खंगालने में जुट गई है।

## रेलिंग से टक्कर के बाद पुल से नीचे गिरे बाइक सवार, दोनों की मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। खुर्जा देहात थाना क्षेत्र के अगवाल पुल पर बुधवार दोपहर को अनियंत्रित बाइक पुल से नीचे गिर गई। इसमें बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी है। देहात थाना प्रभारी मोहम्मद असलम ने बताया कि परिवार से मिली जानकारी के अनुसार बुलंदशहर के टाडा मोहल्ला निवासी जान मोहम्मद (35) अपने चाचा सलीम (70) निवासी फैसलाबाद के साथ बाइक से खुर्जा जा रहे थे। जब वह एनएच0-34 पर अगवाल पुल पर पहुंचे तो तभी अज्ञात कारणों से उनकी बाइक





अनियंत्रित हो गई और पुल के किनारे लगी रेलिंग से टकरा गई। रेलिंग से टक्कर होने के बाद वह पुल से नीचे गिर गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की गई जान

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

लंदशहर। कोतवाली देहात में पहासू के गांव सुरजावली निवासी अजय सिंह ने तहरीर देकर बताया कि गत रविवार को उनके साले मधुसूदन निवासी गांव पोथी थाना गभाना जनपद अलीगढ़ और उनके दोस्त राजेंद्र निवासी आदर्श बौद्ध विहार डोरी नगर थाना गांधी पार्क जनपद अलीगढ़ बाइक से कहीं जा रहे थे।

जब वह नई मंडी चौकी क्षेत्र में पहुंचे तो उनकी बाइक को तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में मधुसूदन और राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान घायल मधुसूदन की मृत्यु हो गई, जबकि



राजेंद्र की हालत चिंताजनक देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर मेडिकल सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रक को गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के भूड़गढ़ी क्षेत्र निवासी चालक चला रहा था। देहात पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एएसपी0ऋजुल कुमार ने बताया कि मामले में जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सीएम योगी ने मायावती को जन्मदिन की दी बधाई, कहा - प्रभु श्री राम से आपके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना

नई दिल्ली । बसपा सुप्रीमो मायावती का आज 69वां जन्मदिन है। इस खास मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। प्रभु श्री राम से आपके लिए दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना है। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पोस्ट पर लिखा, मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं ढेरों शुभकामनाएं। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पोस्ट पर लिखा, बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।



ईश्वर से प्रार्थना है कि आप दीर्घायु हों और सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने एक्स पोस्ट पर लिखा, वरिष्ठ राजनेता, उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती जी को जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं। आप सदैव स्वस्थ, प्रफुल्लित एवं निरोगी रहें, ईश्वर से यह कामना है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के राष्ट्रीय संयोजक और मायावती के भतीजे आकाश आनंद ने एक्स पोस्ट पर लिखा, बहुजन मिशन के लिए समर्पित, सामाजिक परिवर्तन की महानायिका, मेरी आदर्श, करोड़ों देशवासियों की प्रेरणा स्रोत, और हमारे समाज की मार्गदर्शक, पूर्व सांसद, यूपी की पूर्व मुख्यमंत्री और बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। कुदरत आपको लंबी एवं स्वस्थ आयु दें। बसपा कार्यकर्ता मायावती के जन्मदिन को जन कल्याणकारी दिवसके रूप में मना रहे हैं। इस खास अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से जिला स्तर पर सेमिनार आयोजित किए गए हैं, जिसमें पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इसके अलावा मायावती प्रदेश कार्यालय लखनऊ से कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लिए विशेष संदेश भी जारी करेंगी।

## प्रभावी पैरवी कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 20,000/- हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त पप्पू उर्फ प्रेमदत्त शर्मा पुत्र रामगोपाल निवासी मुरारीनगर थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-1994 में एक व्यक्ति धनसिंह की गोली मारकर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 11.10. 1994 को थाना खुर्जा नगर पर मुअसं-500/1994 धारा 302,34 भादवि पंजीकृत किया गया तथा आरोप पत्र दिनांक 26.12.1994 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया।

इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शनके अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 06 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 15.01.2025 को न्यायाधीश श्री दिलीप कुमार सचान (मा0 न्यायालय एडीजे खुर्जा जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त पप्पू उर्फ प्रेमदत्त शर्मा को आजीवन कारावास व 20,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री संजीव कुमार का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

## डीएम ने बैंलोन माता मंदिर में श्रद्धालुओं हेतु व्यवस्थाओं एवं मंदिर प्रबन्धन के लिए बनाई गई समिति की बैठक आयोजित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। कलेक्ट्रेट सभागार में तहसील डिबाई के अंतर्गत आने वाले बैंलोन माता मंदिर में श्रद्धालुओं हेतु व्यवस्थाओं एवं मंदिर प्रबन्धन के लिए बनाई गई समिति की बैठक जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक में मंदिर में होने वाले आय व्यय के बारे में जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्था करने के लिए धनराशि का उपयोग किया जाए। मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए प्रस्ताव बनाया जाए। श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु धर्मशाला, शौचालय, पेयजल आदि की






भी आवश्यकता के अनुसार व्यवस्था कराए। साफ सफाई की व्यवस्था हेतु भी आवश्यक कार्यवाही करें। मंदिर के नाम पर दर्ज भूमि को सुरक्षित कराया जाए। बैठक में सीडीओ कुलदीप मीना, सीएमओ, डीडीओ, उप जिलाधिकारी , कोषाधिकारी सहित समिति के संबंधित सदस्यगण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने एक मौलवी को बाल पोर्नोग्राफी के आरोप में गिरफ्तार किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। एसपी0सिटी शंकर प्रसाद ने बताया कि चैकिंग के दौरान पकड़े गए मौलवी के मोबाइल फोन को जब पुलिस ने चैक किया तो बच्चे के साथ उसकी आपत्तिजनक वीडियो मिली। पुलिस ने मोबाइल फोन को भी सीज कर दिया है। पुलिस ने एक मौलवी को बाल पोर्नोग्राफी के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा है। एसपी0 सिटी शंकर प्रसाद ने बताया कि चैकिंग के दौरान पकड़े गए मौलवी के मोबाइल फोन को जब पुलिस ने चैक किया तो बच्चे के साथ उसकी आपत्तिजनक वीडियो मिली। पुलिस ने मोबाइल फोन को भी सीज कर दिया है। मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। सेक्सुअल कंडीशन में आपकी आपत्तिजन वीडियो यदि पुलिस के हाथ लग गई तो आपको जेल की हवा खानी पड़ सकती है। जी हां ऐसा ही एक




मामला बुलंदशहर में उस समय प्रकाश में आया जब पुलिस चैकिंग के दौरान अगौता थाना प्रभारी सोमनाथ राय ने मोहम्मद शाबिर पुत्र मोहम्मद अहमद निवासी भैंसानी जिला शामली को पकड़ा। पुलिस की माने तो जब पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में उसके मोबाइल फोन को चेक किया तो पुलिस मोबाइल फोन में मिले एक वीडियो को देखकर सन्न रह गई। मोबाइल फोन में मौलवी मोहम्मद साबिर की एक बच्चे के साथ आपत्तिजनक वीडियो थी। बस फिर क्या था पुलिस ने बाल यौनाचार के मामले में मौलवी साबिर को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि गिरफ्तार मौलवी गुलावठी थाना क्षेत्र के एक मदरसे में बच्चों को पढ़ाता है।

## पंचायत में फैसला नहीं हुआ तो दामादों ने ससुराल वालों को जमकर पीटा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। खुर्जा नगर के गांव मऊखेड़ा में दहेज उत्पीड़न के मामले में पंचायत के माध्यम से बेटियों का राजीनामा कराने आए मायके वालों की दोनों दामादों ने मिलकर जमकर पिटाई की। इसमें ससुर शकील, उनकी पत्नी शकीला, पुत्री अनम और शुमायला घायल हो गई।

घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मामले में तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर कोतवाली में खुर्जा नगर के मोहल्ला तरीनान निवासी शकील ने तहरीर देकर बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री शुमायला का निकाह सलमान और छोटी पुत्री अनम का निकाह शहबाज के साथ किया था। सलमान नगर क्षेत्र के गांव मऊखेड़ा का रहने वाला है। जबकि दूसरा दामाद शहबाज खुर्जा देहात क्षेत्र के गांव



इस्लामाबाद का रहने वाला है। आरोप है कि निकाह के बाद से ही दोनों पुत्रियों को उनके पति और ससुराल वाले प्रताड़ित करने लगे। उनसे दहेज की मांग की जाने लगी। गत 9 जनवरी को गांव मऊखेड़ा में दामाद सलमान के घर पर दोनों पक्षों की पंचायत हुई थी। वहां पर छोटा दामाद शहबाज भी आया था। आरोप है कि दोनों दामाद बातचीत के दौरान अपनी मांगों पर अड़े रहे। उसी दौरान आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए पीड़ित शकील, उनकी पत्नी शकीला, पुत्री अनम और शुमायला को बुरी तरह पीटा। पिटाई से वह चारों लोग घायल हो गए। चारों घायलों का अस्पताल में उपचार कराया गया है। पुलिस ने आरोपी सलमान, शहबाज समेत अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसपी0सिटी शंकर प्रसाद ने बताया कि मामले में जांच कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### जालंधर में लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग के दो गुर्गे गिरफ्तार

जालंधर । पंजाब में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने बुधवार को एक संक्षिप्त मुठभेड़ में लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बराड़ गैंग के दो मुख्य गुर्गों को गिरफ्तार किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि जब गैंग के सदस्य ने पुलिस टीम पर गोली चलाई तो पुलिस पार्टी ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की। इस दौरान एक आरोपी को गोली लगी और उसका इलाज चल रहा है, जबकि दूसरे ने भागने की कोशिश की लेकिन उसे उसी समय पकड़ लिया गया। श्री यादव ने कहा कि पुलिस ने गिरफ्तार लोगों से चार अवैध हथियार, बड़ी मात्रा में जिंदा कारतूस और एक कार बरामद की है। उन्होंने कहा कि इस गिरफ्तारी से नशीले पदार्थों की तस्करी, हथियारों के व्यापार और जबरन वसूली के रैकेट में शामिल गैंग के आपराधिक नेटवर्क को करारा झटका लगा है।

### आगरा-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर घने कोहरे के कारण कई वाहनों की टक्कर में तीन घायल

आगरा-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर घने डुअलीगढ़ । आगरा-दिल्ली एक्सप्रेस वे पर घने कोहरे के कारण बुधवार की सुबह कई वाहन आपस में टकरा गये, जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और कई बकरियां मर गईं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब खराब दृश्यता के कारण कई वाहन आपस में टकरा गए। इसमें करीब 200 से अधिक बकरियां ले जा रहा एक ट्रक भी शामिल था। इस टक्कर में तीन ट्रकों सहित छह वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, 'घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।' इस मौसम के सबसे घने कोहरे के कारण क्षेत्र में यातायात बाधित हो गया और दोपहर तक दृश्यता की समस्या बनी रही। कोहरे के कारण कई वाहनों की टक्कर में तीन घायल

### राजस्थान के कई इलाकों में बारिश, ओलावृष्टि का अनुमान

जयपुर । राजस्थान में कड़ाके की सर्दी के बीच कई इलाकों में हल्की बारिश और ओलावृष्टि का अनुमान है। राज्य में बीते चौबीस घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री सेल्सियस संगरिया में दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, एक नए मौसमी तंत्र के प्रभाव से 15-16 जनवरी को बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर व कोटा संभाग के कुछ भागों में बादलों की गरज के साथ कहीं कहीं हल्की बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान ओलावृष्टि भी हो सकती है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, बुधवार को सुबह तक बीते चौबीस घंटे के दौरान राज्य में मौसम आमतौर पर शुष्क रहा। कई इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। कई जगह शीत दिवस दर्ज किया गया। इस दौरान, सबसे कम 3.8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान संगरिया में दर्ज किया गया। सीकर में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री, पिलानी में 4.3 डिग्री, चूरू में 5.4 डिग्री, सिरोही में 5.7 डिग्री, फतेहपुर में 6.3 डिग्री, गंगानगर में 6.4 डिग्री, दौसा में 7.5 डिग्री, जैसलमेर में 8.5 डिग्री, फलोदी में 8.6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया।

### पीएम मोदी ने तमिल कवि तिरुवल्लुवर को किया याद

नई दिल्ली । तमिलनाडु बुधवार को तिरुवल्लुवर दिवस मना रहा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महान तमिल कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर को नमन किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 卐तिरुवल्लुवर दिवस पर हम अपनी भूमि के महानतम दार्शनिकों, कवियों और विचारकों में से एक, महान तिरुवल्लुवर को याद करते हैं। उनके छंद तमिल संस्कृति के सार और हमारी दार्शनिक विरासत को दर्शाते हैं। उनकी शिक्षाएं धार्मिकता, करुणा और न्याय पर जोर देती हैं। उनका कालातीत कार्य, तिरुक्कुरल, प्रेरणा की किरण के रूप में खड़ा है, जो कई मुद्दों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। हम अपने समाज के लिए उनके दृष्टिकोण को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करना जारी रखेंगे। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स पोस्ट पर कहा, तिरुवल्लुवर दिवस पर हम तिरुवल्लुवर के प्रति अपना गहरा सम्मान व्यक्त करते हैं, एक ऐसे दूरदर्शी, जिन्होंने नैतिकता, सामाजिक व्यवस्था, राजनीतिक शासन और मानव स्थिति में गहन अंतर्दृष्टि प्रदान की। उनकी कृति, जीवन की जटिलताओं से निपटने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करती है। हम धार्मिकता, करुणा और सद्भाव के सिद्धांतों को मूर्त रूप देने के साथ न्यायपूर्ण और समतापूर्ण समाज का निर्माण करें। 15 जनवरी को मनाया जाने वाला तिरुवल्लुवर दिवस तमिलनाडु में एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो महान तमिल कवि और दार्शनिक तिरुवल्लुवर के सम्मान में मनाया जाता है। तिरुक्कुरल तमिल-साहित्य का सर्वोत्कृष्ट नीतिग्रंथ माना जाता है। तिरुवल्लुवर की आरंभिक रचना तिरुक्कुरल में 1330 दोहे (कुरल) हैं। जो नैतिकता, राजनीति, प्रेम और न्याय पर ज्ञान प्रदान करते हैं। तमिल संस्कृति में तिरुवल्लुवर को एक सम्मानित संत, कवि और दार्शनिक के तौर पर पूजा जाता है। मकर संक्रांति के अगले दिन वर्षों से तिरुवल्लुवर दिवस मनाया जा रहा है।

### मोहन भागवत ने स्वतंत्रता सेनानियों का किया घोर अपमान - तेजस्वी यादव

पटना । आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की ओर से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन देश की आजादी की नई तारीख बताने पर बयानबाजी तेज हो गई है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने लिखा, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत का अब बस यही कहना बाकी रह गया है कि दलितों-पिछड़ों का आरक्षण खत्म होगा, तभी देश को असल मायनों में आजादी मिलेगी। आरएसएस प्रमुख ने आजादी के करोड़ों मतवालों, दीवाने देशभक्तों, असंख्य शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों का घोर अपमान किया है। उन्होंने आगे लिखा, संघ के लोगों का स्वतंत्रता संग्राम में अपना कोई योगदान नहीं था इसलिए ये अब बाकियों के योगदान को खत्म करने के नए प्रपंच रच रहे हैं। इनका संगठन तो स्वयं अंग्रेजों का दलाल और मुखबिर रहा है। दलितों-पिछड़ों, मेहनतकश एवं कृषक वर्गों के ऐतिहासिक योगदान को कमतर करना ही आरएसएस का हमेशा से उद्देश्य रहा है। मोहन भागवत, देश गुलामी की ओर अग्रसर है, डॉलर के मुकाबले रुपया सर्वकालिक निम्नस्तर पर है, उस पर ध्यान दीजिए। वहीं जहानाबाद में पीएम मोदी ने कहा, मोहन भागवत उन लोगों का अपमान और अनादर कर रहे हैं, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। वह गांधी जी, शहीद भगत सिंह, बाबा कुंवर सिंह और लक्ष्मीबाई जैसे स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान कर रहे हैं। जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए अपनी जान दे दी, कारावास गए और ब्रिटिश उत्पीड़न का सामना किया। दरअसल बीते सोमवार को इंदौर में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि अयोध्या में भगवान राम के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की तिथि 'प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाई जानी चाहिए, क्योंकि कई सदियों से परचक्र (दुश्मन का आक्रमण) झेलने वाले भारत की सच्ची स्वतंत्रता इस दिन प्रतिष्ठित हुई थी। पहले स्वतंत्रता थी पर प्रतिष्ठित नहीं थी।

### बिहार और मणिपुर के नवनियुक्त राज्यपालों ने राष्ट्रपति से की शिष्टाचार भेंट

नई दिल्ली । बिहार और मणिपुर के नवनियुक्त राज्यपालों ने बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल का कार्यभार संभालने के बाद यह राज्यपालों की राष्ट्रपति से पहली मुलाकात थी। रे भेंट की तस्वीरें जारी करते हुए बताया कि बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मु से मुलाकात की। गत वर्ष दिसंबर में पांच राज्यों में राज्यपालों की नियुक्तियां और फेरबदल किया गया था। इसमें पूर्व केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला को मणिपुर का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया था। वहीं केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को बिहार भेजा गया था।